वर्ष 24, अंक 292, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 29 अप्रैल 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अभी पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग नहीं उठाऊंगा- उमर अब्दुल्ला

# बंदूक से आतंकवाद कंट्रोल होगा, खत्म नहीं

**उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमें ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे लोग अलग-थलग पड़ जाएं। हम बंदूक से आतंकवादी को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन अगर लोग हमारे साथ हैं तो हम आतंकवाद को खत्म कर सकते हैं।**



**जम्मू-कश्मीर**

**अब्दुल्ला** ने आगाह किया कि सरकार को ऐसा कोई कदम उठाने से बचना चाहिए जिससे जनता अलग-थलग पड़ जाए। पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए सदन में प्रस्ताव पर चर्चा को समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद या उग्रवाद तभी खत्म होगा जब लोग हमारे साथ होंगे। आतंकवाद के खिलाफ लोगों के आक्रोश को देखते हुए, अगर हम उचित कदम उठाते हैं तो यह इसके खात्मे की शुरूआत है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के खिलाफ लोगों के अभियान को मजबूत करेगी क्योंकि इसे केवल जनता के सहयोग से ही हराया जा सकता है। हालांकि, अब्दुल्ला ने आगाह किया कि सरकार को ऐसा कोई कदम उठाने से बचना चाहिए जिससे जनता अलग-थलग पड़ जाए। पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए सदन में प्रस्ताव पर चर्चा को समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद या उग्रवाद तभी खत्म होगा जब लोग हमारे साथ होंगे। आतंकवाद के खिलाफ लोगों के आक्रोश को देखते हुए, अगर हम उचित कदम उठाते हैं तो यह इसके खात्मे की शुरूआत है।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमें ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे लोग अलग-थलग पड़ जाएं। हम बंदूक से आतंकवादी को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन अगर लोग हमारे साथ हैं तो हम आतंकवाद को खत्म कर सकते हैं। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है। जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व और स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर की जामिया मस्जिद में पहली बार शुक्रवार की नमाज से पहले दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा, "हम इसका मतलब समझ सकते हैं। हम इस बदलाव को और मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे।

केंद्र शासित प्रदेश में पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर की जामिया मस्जिद में पहली बार शुक्रवार की नमाज से पहले मृतकों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा, "हम इसका मतलब समझ सकते हैं। हम इस बदलाव को मजबूत करने की कोशिश करेंगे।" अब्दुल्ला ने विधानसभा में आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की मांग करने का यह सही समय नहीं है। उन्होंने कहा, "मैं इस मौके का इस्तेमाल राज्य का दर्जा मांगने के लिए नहीं करूंगा। पहलगाम के बाद मैं किस मुंह से जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा मांग सकता हूं? हमने पहले भी राज्य के दर्जे की बात की है और भविष्य में भी करेंगे, लेकिन अगर मैं केंद्र सरकार से यह कहूं कि 26 लोग मर चुके हैं, अब मुझे राज्य का दर्जा दे दो, तो यह मेरे लिए शर्मनाक होगा।" उन्होंने कहा, "इस घटना ने पूरे देश को प्रभावित किया है। हमने पहले भी ऐसे कई हमले देखे हैं... बैसरन में 21 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर हमला किया गया है... मुझे नहीं पता था कि मृतकों के परिवारों से कैसे माफी मांगूं... मेजबान होने के नाते पर्यटकों को सुरक्षित वापस भेजना मेरा कर्तव्य था। मैं ऐसा नहीं कर सका। मेरे पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं।"

उन्होंने कहा कि बच्चों ने अपने पिता को खून में लिपटा देखा। उनलोगों को मैंने बुलाया था, लेकिन सुरक्षित वापस घर नहीं भेज सका। सीएम अब्दुल्ला ने आगे कहा कि इस हमले से पूरा मुल्क चपेट में है। माफी मांगने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने आतंकी हमले के मद्देनजर झूठी खबरें फैलाने वाले सोशल मीडिया खाताधारकों को भी चेतावनी दी। अब्दुल्ला ने कहा, 90 प्रतिशत लोग सच्चाई का साथ दे रहे हैं, जबकि 10 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो सोशल मीडिया पर झूठ फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं उन्हें तुरंत ऐसा करने से बचने की चेतावनी देता हूं क्योंकि हम झूठ फैलाना बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर मैं इस समय केंद्र के पास जाकर राज्य के दर्जे की मांग करता हूं तो मुझे धिक्कार है।

## पाकिस्तान में हो रही कांग्रेस नेताओं के बयानों की चर्चा

**नई दिल्ली- भाजपा** मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रसाद ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल किया कि क्या उनका ऐसे नेताओं पर कोई नियंत्रण है। भाजपा नेता ने कहा कि पहलगाम में जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वो पूरे देश ने देखी और पूरे देश में गुस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार में स्पष्ट कहा है कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं की टिप्पणियों का इस्तेमाल पाकिस्तान भारत को बदनाम करने के लिए कर रहा है। भाजपा मुख्यालय में



एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रसाद ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल किया कि क्या उनका ऐसे नेताओं पर कोई नियंत्रण है। भाजपा नेता ने कहा कि पहलगाम में जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वो पूरे देश ने देखी और पूरे देश में गुस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार में स्पष्ट कहा है कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

भाजपा नेता ने कहा कि ऑल पार्टी मीटिंग भी बुलाई गई, बहुत ही सद्भाव के माहौल में मौन रखा और सरकार के साथ मिलकर आतंकियों के खिलाफ सख्ती की कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को रखा बरकरार रखा

**नई दिल्ली। उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वह आदेश जिसमें हिन्दू पक्ष को अपनी शिकायत में संशोधन करने और शाही ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि विवाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को पक्ष के रूप में जोड़ने की अनुमति दी गई थी, वह प्रथम दृष्टया सही है।

## हम 2 करोड़ सिख...

## पाकिस्तान के समर्थन में उतरा खालिस्तानी पन्नू

### मोदी-डोभाल-शाह को दी धमकी



**पाकिस्तान**

पन्नू ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद में भारत के बढ़ते प्रभाव से लेकर कश्मीर में चल रहे संघर्ष तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। गुरपतवंत सिंह पन्नू ने आतंक के पनाहगाह पाकिस्तान के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पाकिस्तान में अपने सभी भाइयों और बहनों को सलाम करता हूं। पाकिस्तान एक धन्य भूमि है, गुरु नानक का विश्राम स्थल है, यह दुनिया भर के सिखों के लिए एक पवित्र स्थल है। पन्नू ने कहा कि हम दो करोड़ सिख पाकिस्तान के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।

आपने चोर-चोर मौसेरे भाई कहावत तो जरूर सुनी होगी। वैसे ही आतंकी-आतंकी भाई-भाई वाली कहावत को खालिस्तान के चरमपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू चरितार्थ करता नजर आ रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पाकिस्तान को अपना समर्थन दिया है। उसने कहा कि वो भारतीय सेना को पाकिस्तान पर हमला करने नहीं देगा।

पन्नू ने ये भी दावा किया कि भारत में पाकिस्तान से लड़ने की हिम्मत नहीं है। पन्नू का ये बयान उस समय आया है जब जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान को संदेह है ।

## पाकिस्तान ने इंसानियत का किया कत्ल : फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू। जम्मू** कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना पर जेकेएनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हमें इस घटना को लेकर बहुत ही ज्यादा अफसोस है। लेकिन, हमारा पड़ोसी आज भी यह नहीं समझता है कि उसने इंसानियत का कत्ल किया है। सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अगर पाकिस्तान यह समझता है कि इस तरह की आतंकी घटना से हम लोग पाकिस्तान चले जाएंगे तो पाकिस्तान को इस गलतफहमी को दूर करना चाहिए। हम जब 1947 में उनके साथ नहीं गए तो आज क्यों जाएंगे। हमने तब टू नेशन थ्योरी को पानी में फेंक दिया था। हम आज भी टू नेशन थ्योरी को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत में रहने वाले हिन्दू, सिख, ईसाई, मुसलमान हम सभी एक हैं। पाकिस्तान अगर यह सोचता है कि हम इस आतंकी घटना के बाद कमजोर हो जाएंगे तो वह गलत हैं। हम किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने वाले हैं। हम इससे मजबूत हो रहे हैं। पाकिस्तान को अच्छा जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तान के साथ बातचीत पर उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा बातचीत का समर्थन किया है।

## बुजुर्गों को मिलेगा 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज,

### दिल्ली सरकार ने शुरू की आयुष्मान वय वंदना योजना

**नई दिल्ली**

**सीएम** गुप्ता ने कहा कि ट्रिपल इंजन मॉडल के तहत यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है और मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी को इस स्वास्थ्य योजना के साथ हमारे बुजुर्गों का सम्मान करने के लिए धन्यवाद देती हूं। अमीर और गरीब के बीच कोई अंतर नहीं होगा; इस योजना से सभी को लाभ मिलेगा, चाहे उनकी वित्तीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

बुजुर्गों की सहायता के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए, दिल्ली सरकार ने सोमवार को 'आयुष्मान वय वंदना' योजना शुरू की, जिसके तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ राजधानी में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को पहला वय वंदना कार्ड वितरित किया। इस पहल के तहत, पात्र बुजुर्गों को सालाना 5 लाख रुपये की निःशुल्क चिकित्सा सहायता मिलेगी।



इसके अतिरिक्त, दिल्ली सरकार की एक अलग योजना के तहत 5 लाख रुपये का अतिरिक्त कवरेज प्रदान किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सुरक्षा प्रभावी रूप से दोगुनी होकर कुल 10 लाख रुपये हो जाएगी।

## मिट्टी के टीला में दब जाने से पांच महिलाओं की मौत 4 लोग घायल

**कोखराज कौशांबी**

**कोखराज** थाना क्षेत्र के टिकडडीह गांव में सोमवार की सुबह मिट्टी खोदने गयी महिलाओं के ऊपर तालाब का टीला ढह गया है जिससे 9 लोग दब गए हैं पांच महिलाओं की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है 4 लोग गंभीर घायल है सूचना पाकर थाना पुलिस सहित अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और बचाव एवं राहत कार्य मे लगे हुए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पूरे गांव के लोग पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है पुलिस ने मृतको के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## झारखंड के दुमका में पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

**झारखंड**

**एसपी** ने कहा कि उन्हें सूचना मिली कि आरोपियों ने अपनी आपराधिक आय से करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की है। उन्होंने कहा, ह्यह्यउनकी संपत्ति के बारे में सूचना जुटाई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। झारखंड के दुमका जिले में पांच साइबर अपराधियों को लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपियों के पास से 14 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है।

दुमका के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा, आरोपियों में से एक करीब 10 साल से साइबर अपराध में लिप्त है। उन्होंने कहा कि वे बैंक अधिकारी बनकर या फर्जी लिंक भेजकर लोगों से धोखाधड़ी करते थे।

एसपी ने कहा कि उन्हें सूचना मिली कि आरोपियों ने अपनी आपराधिक आय से करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की है। उन्होंने कहा, ह्यह्यउनकी संपत्ति के बारे में सूचना जुटाई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भारत को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश का निर्णायक जवाब दिया जाएगा

**आंध्र प्रदेश**

**आतंकवाद** का मुकाबला करने में केंद्र सरकार के प्रयासों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए मुख्यमंत्री ने 25 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश का कड़ा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। उनकी यह टिप्पणी जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पिछले हफ्ते की



शुरूआत में हुए आतंकी हमले के जवाब में आई है, जिसमें आंध्र प्रदेश के दो व्यक्ति सहित 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

नायडू ने एक निजी कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, अगर कोई भारत में हस्तक्षेप करता है, तो उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिये जाएंगे। वे कुछ नहीं कर सकते। भले ही वह कोई आतंकवादी संगठन हो, वे इस देश को हिला नहीं सकते।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पहलगाम हमले जैसे बर्बर कृत्य भारत की ताकत के सामने सफल नहीं होंगे। नायडू ने भारतीयों के साहस को रेखांकित करते हुए, सभी से ऐसी चुनौतियों के मद्देनजर एकजुट होने का आग्रह किया और कहा कि राष्ट्र की रक्षा करने की शक्ति इसके लोगों में निहित है।

## बलिया में कार और टेंपो की टक्कर में दो मजदूरों की मौत

**बलिया**

**थाना** प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया और घटना में जान गंवाने वाले दोनों मजदूरों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सिकंदरपुर कस्बे में सोमवार दोपहर एक कार और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गोरखपुर-बलिया राजमार्ग पर हुए इस हादसे में टेंपो सवार लक्ष्मण राजभर (45) और बेचू राजभर (35) की मौत हो गई। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया और घटना में जान गंवाने वाले दोनों मजदूरों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।




सिंह के अनुसार, दोनों मृतक नेमा के टोला गांव के रहने वाले थे और हादसे के समय वे टेंपो से बलिया की ओर जा रहे थे।

## थार और बुलडोजर को डराने का प्रतीक बना रही है सरकार- अखिलेश यादव

**उत्तर प्रदेश**

**सपा** प्रमुख ने कहा कि युवा ही संविधान की रक्षा करेंगे और आरक्षण को बचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह थार और बुलडोजर को सरकार डराने का प्रतीक बना रही है। उन्होंने दावा किया कि यह जो सांसद रामजीलाल सुमन जी पर हमला हुआ है, ये कहीं न कहीं इशारा करता है कि हमलावरों को सरकार का सहारा है।

अखिलेश यादव ने एक बार फिर राज्य सरकार पर आरोप लगाया है कि वह बढ़ती बेरोजगारी और असुरक्षा की ओर ध्यान न देते हुए थार और बुलडोजर के जरिए लोगों को डराने की कोशिश कर रही है। यादव समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध संगठनात्मक विंग लोहिया वाहिनी के सदस्यों के साथ बैठक के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश ने कहा कि हम लोकतंत्र, कानून और इस देश के संविधान पर भरोसा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में कमीशनबाजी बढ़ी है, भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं टूट चुकी हैं।

सपा प्रमुख ने कहा कि युवा ही संविधान की रक्षा करेंगे और आरक्षण को बचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह थार और बुलडोजर को सरकार डराने का प्रतीक बना रही है। उन्होंने दावा किया कि यह जो सांसद रामजीलाल सुमन जी पर हमला हुआ है, ये कहीं न कहीं इशारा करता है कि हमलावरों को सरकार का सहारा है। उन्होंने कहा कियुवा ही देश के संविधान और आरक्षण के अधिकार की रक्षा करेंगे। फिर भी, वे या तो रोजगार की कमी, अल्परोजगार या अनुचित वेतन से त्रस्त हैं। उन्होंने सरकार से शिक्षा के बढ़ते निजीकरण के बारे में भी सवाल किया,



जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसने इसे आर्थिक रूप से कमजोर और यहां तक कि मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर कर दिया है। जबकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कहा था कि राज्य की बेरोजगारी दर घटकर 2.4% हो गई है, यादव ने कहा कि अगर सरकार के अपने आंकड़ों के अनुसार, मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ लोगों को 36 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए होते, तो राज्य में एक भी बेरोजगार व्यक्ति नहीं होता। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि लघु/सूक्ष्म उद्यमों को 10 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करती है। योजना की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस योजना के तहत 5,41,012 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गई है।

यादव ने सांसद रामजी लाल सुमन पर करणी सेना द्वारा हाल ही में किए गए हमले का भी जिक्र किया और कहा कि ऐसे हमले केवल इसलिए संभव हो पाए क्योंकि इन तत्वों को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने हाल ही में एक मुद्दा उठाया था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि पुलिस थानों में ठाकुरों और ऐसी ही अन्य जातियों का वर्चस्व है। आज उन्होंने कुशीनगर का उदाहरण दिया, जहां उन्होंने कहा कि वहां एक थाने के प्रभारी के रूप में पीडीए

# श्रमिक ईश्वर का प्रिय होता है : महापौर

## अंतरराष्ट्रीय श्रमिक स्मृति दिवस पर शहजादे बने प्रदेश महामंत्री

**अखंड भारत संदेश**



अंतरराष्ट्रीय श्रमिक स्मृति दिवस पर बोलते मेयर प्रयागराज

**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक स्मृति दिवस के अवसर पर हिंद मजदूर सभा प्रयागराज कैंपस में श्रमिकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर उमेश चंद गणेश केसरवानी ने कहा कि श्रमिक ईश्वर का प्रिय होता है। और श्रमिक के बिना कोई भी निर्माण असंभव है। मेयर ने कहा कि मैं भी राजनैतिक मजदूर हूं। उन्होंने कहा प्रधान मंत्री जी ने श्रम को बढ़ावा दिया और उन्हें सम्मान भी दिया। उन्होंने कहा सद्भावना देश की ताकत है हम सब श्रमिकों के साथ भोजन भी करते हैं। नगर प्रमुख ने कहा कि कोई भी घर प्रतिष्ठान उद्घाटन में निर्माण करने वाले श्रमिकों को अवश्य निमंत्रण दिया करें,जिनकी बदौलत भवन बन कर तैयार होता है। उन्होंने कहा कि आज जातियों में विभाजित करके कुछ लोग सदभाव खराब कर रहे हैं, जो ठीक नहीं है। मेयर ने कहा कि श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता है। इस दिशा में उनके जीवन पर उनके निर्माण कार्य स्थलों पर श्रमिकों को सुरक्षा हेतु तरह तरह के उपकरण मुहैया कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हितार्थ मैं सदैव समर्पित रहूंगा। उन्होंने मेले की व्यवस्था पर विस्तार से बात रखी।

कार्यक्रम में विश्व स्तरीय संगठन हिंद मजदूर सभा बिल्डिंग,एंड वुड वर्कर इंटरनेशनल यूनियन सीबू उत्तर प्रदेश का प्रदेश महा मंत्री शहजादे प्रधान को नियुक्त किए जाने पर मेयर श्री केशरवानी और भाजपा नेता रईस चंद्र शुक्ला, भाजपा के सभासद शैलेन्द्र द्विवेदी, सत्यभामा मिश्रा, रेखा सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भोलानाथ तिवारी, अवस्थी, श्याम श्रीवास्तव, महेन्द्र यादव, विनोद शुक्ला, सहित तमाम श्रमिक लीडरों ने अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे को बधाई दिया। और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज सूर्य लाल ने भी संबोधित किया। श्रमिकों के पंजीकृत श्रमिकों के साथ मनमाने ढंग से योजनाओं के आवेदन निरस्त किए जाने, पुनः जांच कराकर हितलाभ दिलाऐ जाने श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाए जाने, समय से मजदूरी दिए जाने सरल प्रक्रिया अपनाए जाने अपात्रों को लाभ दे दे कर गरीबों के आवेदन निरस्त किए जाने संबंधित बारह सूत्रीय ज्ञापन मुख्य मंत्री को संबोधित मेयर प्रयागराज को सौंपा। और मजदूर अब श्रम बोर्ड से मजबूर हो गया, मिलना नहीं किसी को कुछ मशहूर हो गया। आदि पंक्तियों को पढ़ा और समारोह को संबोधित किया। शहजादे के श्रमिक लीडर के ज्ञापन को मुख्य मंत्री के पास भेज कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित नव निर्वाचित श्रमिक नेता शहजादे के साथ पहलगाम घटना पर केंडिल जला कर रंजोगम का इजहार किया।

## 'पुलिस की वर्दी निर्दोष पर अत्याचार का लाइसेंस नहीं', HC का पुलिस कर्मियों के खिलाफ केस कार्यवाही रद करने से इन्कार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि पुलिस की वर्दी निर्दोष नागरिकों पर अत्याचार करने का लाइसेंस नहीं है। यदि कोई लोकसेवक पद दायित्व के दायरे से परे हटकर गैरकानूनी कार्य करते हैं तो उन पर केस दर्ज कराने से पूर्व मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी। आरोपित पुलिस अधिकारी हैं, इससे उसे कोई सुरक्षा नहीं मिलेगी। कोर्ट ने पुलिस कर्मियों के खिलाफ दर्ज केस कार्यवाही को रद करने से इन्कार करते हुए याचिका खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजवीर सिंह ने अनिमेष कुमार और तीन अन्य पुलिस कर्मियों की याचिका पर दिया है। शिकायतकर्ता एक डॉक्टर है। उन्होंने फरुर्खाबाद कोतवाली में शिकायत की कि वह 28 जून 2022 को अपने स्टाफ कुलदीप अग्निहोत्री, अशोक कुमार, विजय अग्रवाल व सौम्या दुबे के साथ कार से कानपुर से लौट रहे थे। कुछ लोग कार से निकले और उनसे कुछ कहासुनी हो गई। इसके बाद रात 10 बजे तीन गाड़ियों से आए लोगों ने उन्हें खुदागंज के पास रोक लिया।

## न्यूज झरोखा

### सम्मानित व्यापारी समाज एवं देश की रीढ : मंत्री नंदी



**सहसों।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने रविवार को सहसों बाजार पहुंचकर व्यापारियों से मिलकर हाल-चाल जाना। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने व्यापारी दिलीप केसरवानी के आवास पर आयोजित व्यापारी संगोष्ठी में शामिल हुए। व्यापारियों ने कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा गंगापार के जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी का अंग वस्त्र एवं बुके भेटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने व्यापारियों से कहा कि सम्मानित व्यापारी संमाज एवं देश की रीढ़ है। यह सर्वाधिक राजस्व देता है और देश के लिए सदैव समर्पित रहता है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार उनके हित में उचित कार्य कर रही है तथा उनके मान सम्मान का विशेष ध्यान रख रही है। व्यापारी बंधु किसी भी समस्या के समाधान के लिए किसी भी समय अपनी बात रख सकते हैं हम सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर दिलीप केसरवानी, कमल केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, दिनेश चन्द्र केसरवानी पप्पू, अमरनाथ केसरी नन्हा, धीरज जायसवाल, प्रमोद केसरवानी, गोल्डी साहू, पिंटू केसरवानी, अमन, शिवम्, ईशू, सूरज, आकाश, कन्हैया आदि लोग उपस्थित रहे। संगोष्ठी के पश्चात कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने सत्यम केसरवानी के आवास पर पहुंच कर उनके बड़े भाई शिवम् केसरवानी को सगाई समारोह का आशीर्वाद प्रदान कर अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की एवं सभी पारिवारिक जनो से भेंटकर प्रयागराज लौट गए। इस अवसर पर आशीष केसरवानी, दिनेश केसरवानी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### लालापुर के पहाड़ी जंगल में लगी आग



**लालापुर।** रविवार की शाम लालापुर के मन्दुरी गांव पहाड़ी जंगल में आग लग गई । आग लगने की सूचना होते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मन्दुरी गांव से सटे पहाड़ी में जंगल है । रविवार की शाम अज्ञात कारणों से जंगल में आग लग गई । आग लगने की सूचना होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया । खबर लालापुर पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची लेकिन आग लगने वाले स्थान पर जाने का सुगम रास्ता ना होने के चलते फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने में दिक्कत थी जिससे जेसीबी बुलाकर रास्ता बनाया गया और तब जाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग बुझाने में लगी । समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था ।

### श्रमिक स्मृति दिवस पर पहलगाम में हुए शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** गोल चौराहा सहसों स्थित पुराना कोल्ड स्टोर पर सोमवार को दैनिक वेतन भवन मनरेगा घरेलू कामगार महिला व असंगठित मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश सहसों प्रयागराज के तत्वावधान में श्रमिक स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक शोकसभा का आयोजन कर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म के नाम पर हमले में शहीद हुए 28 लोगों को श्रद्धा सुमन के साथ भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर यूनियन की महामंत्री मधु त्रिपाठी ने कहा कि काम करते-करते कोई भी घटना या बीमारी के कारण जिन श्रमिकों की मृत्यु हो जाती है उनका अभियान चलाकर सहायता की जाती है। उन्होंने कहा पहलगाम में हुए निंदनीय अमानवीय आतंकवादी घटना से हर भारतवासी दुःखी एवं आक्रोसित है। हम सब भारतीय को एक जुट होकर आतंकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाकर इससे लड़ना होगा और ऐसी हरकत एवं आतंकवाद का खात्मा करना होगा। इस अवसर पर प्रीति यादव, प्रमोद कुमार शुक्ला, प्रदीप शर्मा, हर्षित शुक्ला, गुंजन, जबिउल्लाह, शिव कुमार, शीला एवं विभा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ा वरदान : दिलीप त्रिपाठी

**जसरा।** ध्यान तथा योग के प्रचार प्रसार के लिए प्रयासरत संस्था हार्टफुलनेस प्रयागराज की ओर से श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज में छात्रों को ध्यान तथा योग का महत्व बताया गया। संस्था के संचालक दिलीप कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को भ्रस्तिका, कपालभाती, भ्रामरी, उद्गीत, हलासन, मयूरासन आदि का अभ्यास कराया। छात्रों तथा शिक्षकों ने उक्त कार्यक्रम में ध्यान की विधि को स्वयं करके सीखा। प्रधानाचार्य डॉक्टर योगेंद्र सिंह ने प्रशिक्षक दिलीप कुमार त्रिपाठी का स्वागत और आभार प्रकट किया। प्रशिक्षक दिलीप कुमार ने कहा कि योग ही हमें स्वस्थ जीवन प्रदान कर सकता है। इस अवसर पर दयाशंकर सिंह, कुलभूषण मिश्रा, कुसुम शुक्ला, राजेश द्विवेदी, राम लखन प्रजापति, वीरेंद्र कुमार, रितेश प्रजापति, आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर करना मेरा प्रथम उद्देश्य है : डॉ अंकिता पाण्डेय

## गर्मी और भीषण तपन से बढ़ी सीएचसी में मरीजों की संख्या

**अखंड भारत संदेश**



अस्पताल में भर्ती मरीज



मरीजों का इलाज करते चिकित्सक

**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में भीषण गर्मी के साथ शुरू हो गया है उल्टी-दस्त के मरीजों का आवागमन। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा की अधीक्षिका डॉ अंकिता पाण्डेय के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे सेवाएं दी जा रही है, किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर जनमानस से अपील है कि आप लोग सी एच सी जसरा आये और निशुल्क अपना इलाज कराये। सीएचसी जसरा में अनुभवी डॉक्टर व सारी सुविधाएं उपलब्ध है।

डा० अंकिता पांडेय ने बताया कि इससे बचाव के लिए लोगों को नींबू पानी, हल्का भोजन के साथ पानी की कमी शरीर में न होने दें। उन्होंने कहा कि हल्के व फुल शर्ट के साथ जरूरी पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा आने वाले दिनों में बड़े-बड़े मल्टीस्पेसलटी अस्पतालों जैसी स्वास्थ्य सेवाएं देगा। बहुत जल्द सी एच सी जसरा में सभी प्रकार की जाँच की भी सुविधा उपलब्ध होने वाली है और इसके लिये डिजिटल लैब बनकर तैयार है। जल्द इसका उद्घाटन किया जाना है, इसके बाद पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिल सकेगा।

इस वर्ष की विकट गर्मी को देखते हुए अस्पताल के द्वारा गर्मी से निपटने की तैयारियां कर ली गयी है और इसके लिए गेट के पास ही एक एमरजेंसी वार्ड बनाया गया है। जिसमे मरीजों को समस्या होने पर तुरंत भर्ती कर इलाज किया जा रहा है ।

प्रयाग संगम सेवा संस्थान, जो की एक स्थायी समाज सेवी संगठन है, उसके अध्यक्ष सुधांशु मिश्र और अखंड भारत संदेश के पत्रकार आलोक पाठक द्वारा सोमवार को सी एच सी जसरा में जाकर देखा गया तो वहां पर डॉ रवी पाण्डेय और फर्माशिष्ट देवेंद्र सिंह बड़ी तन्मयता से भर्ती मरीजों का इलाज करते दिखे। डॉ रवी पाण्डेय ने बताया कि हम लोग अपनी अधीक्षिका मैडम के नेतृत्व में 24 घंटे मरीजों को बेहतर इलाज मुहैय्या हो सके इसके लिये पूरी तन्मयता से लगे रहते है।

इमरजेंसी वार्ड बनाकर गर्मी में लू लगना, डायरिया, लूज मोशन, अपच एवं उल्टी जैसी तमाम बीमारियों का



अस्पताल में इलाज हेतु पहुंचे मरीज

इलाज भी सी एच सी जसरा में किया जा रहा है। जहां शुद्ध जल पीने के लिए आरो का पानी भी देखने को मिला।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मजदूर की मौत



हादसे के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** बारा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सेहुड़ा में एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खड्डे में पलट गया। ट्रैक्टर ट्राली में सवार एक मजदूर इसमें दब गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर बारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव का ही एक ट्रैक्टर ट्राली भूसा भर कर दूसरे गांव में गिराने गया था। उस पर सनी आदिवासी (45) पुत्र लक्ष्मी आदिवासी निवासी सेहुड़ा भी मजदूरी करने के लिए गया था। ट्रैक्टर ट्राली भूसा गिरा कर वापस सेहुड़ा गांव पहुंचा था कि उसी समय सामने से एक ट्रक आ गया। अचानक ट्रक आने से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और बगल ही खंती में पलट गया। ट्रैक्टर मजदूर के ऊपर चढ़ गया और उसकी मौत हो गई।मजदूर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं।बड़े लड़के का नाम अजय छोटे लड़के का नाम आदित्य आदिवासी बताया गया। दरोगा आकाश राय ने बताया कि मजदूर का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई होगी।

## गेहूँ की तौल में जमकर ठग ब्यापारियों ने मचाई लूट

**बारा।** किसानों के गेंहू की फसल बिचौलियों ने कम रेट में खरीदकर अच्छे रेट में बेचकर मोटी रकम कमा रहे हैं। सरकार के निर्धारित मूल्य को दर किनार करके जमकर किसानों को ठगा जा रहा है।एक कुंटल में कम से कम दो किलो से 3 किलो तक आँख मिचौली तो कर ही लेते है।वही 2300 रुपए प्रति कुंटल खरीद कर अपनी जेब भर रहे है। लगातार इनके हौशला बढ़ता जा रहा है न ही इनकी लदी गाड़ी को कोई चेक करने वाला हैं न ही किसान से सरकार के निर्धारित मूल्य से कम खरीद को कोई पूछने वाला है।जब तक ऐसे ब्यापारियों के ऊपर कार्यवाई नही होगी तब तक किसानों को इसी तरह ठग ब्यापारी ठगते रहेंगे।

# वक्फ संसोधन अधिनियम के बारे में अल्पसंख्यकों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जनकल्याण के लिए बना वक्फ, भारत का सबसें बड़ा घोटाला बन चुका है, माल, होटल और व्यावसायिक इमारतें वक्फ जमीन पर फल फूल रहें हैं, लेकिन गरीब मुसलमानों को अब भी कुछ नहीं मिल रहा है। यदि इसमें संसोधन नहीं होता, तो शोषण जारी रहता,और जिनके लिए यह बनाया गया था,वे ही वंचित रह जाते उक्त बातें भाजपा की प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने यमुनापार जिला कार्यशाला के बाद वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत पत्रकारों से बातचीत में जिला कार्यालय सिविल लाइंस प्रयागराज में सोमवार को कहीं और आगे बताया कि वक्फ बोर्ड की अवैध संपत्तियों पर गरीब कमजोर मुस्लिमों के हितों में लगाया जायेगा। उस पर आवास, अस्पताल , स्कूल-कालेज, कारखाने आदि स्थापित कर जरूरत मंद मुस्लिमों को लाभ और रोजगार पहुंचाने का कार्य यह वक्फ संसोधन अधिनियम करेगा। भाजपा की मोदी सरकार ने कहा था सबका-साथ सबका विकास उसी पर कार्य कर अल्पसंख्यक लोगों को भी विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास है। श्रीमती चौधरी ने कहा कांग्रेस, सपा, बसपा अधिनियम के बारे में तरह-तरह की बातें कर जनता और मुस्लिमो को गुमराह करते हैं, भाजपा के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधिगण अल्पसंख्यक पदाधिकारियों के साथ गांव-गांव जाकर समझा कर जागरूक करने का कार्य करेंगे। अनामिका चौधरी ने विपक्षी राजनेताओं भूमाफियाओं को वक्फ की जमीन बेंचने घोटाले का आरोप कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आदि पर लगाया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया के इसके पूर्व जिला कार्यालय पर वक्फ जनजागरण अभियान जिला कार्यशाला जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने कार्यशाला में कार्यकताओं को गांव जाकर सच्चाई बताने हेतु प्रशिक्षित करते हुए सम्बोधित किया। विधायक करछना पियूष रंजन निषाद ने प्रयागराज में 2200 से अधिक वक्फ की अवैध जमीन की जानकारी दी। जनजागरण अभियान और पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष यमुनापार राजेश शुक्ल, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद, विधायक कोरांव राजमणि पासवान, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, जिला-सह मीडिया प्रभारी आर के शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष कुशल जैन, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल, आईटी प्रमुख सतीश विश्वकर्मा, आनन्द तिवारी आदि रहें।

# गजरूप सिंह इण्टर कॉलेज के बच्चों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

## बेटियों का रहा जलवा, हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** क्षेत्र के गजरूप सिंह इण्टर कॉलेज धरवारा में बोर्ड द्वारा हाई स्कूल एवं इंटर मीडिएट का परीक्षा परिणाम निकलते ही खुशी का माहौल है। करछना के गजरूप सिंह इण्टर कालेज धरवारा में इंटर मीडिएट का परिणाम 95 प्रतिशत रहा वहीं हाई स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा।हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित किये जाने के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का उनके विद्यालयों द्वारा अभिनंदन व पुरस्कृत किया गया।

शुक्रवार को यूपी बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।करछना तहसील अंतर्गत गजरूप सिंह इण्टर कालेज धरवारा करछना प्रयागराज के हाई स्कूल तथा इंटर के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में रूपेश गुप्ता 88% अंजली कुमारी 86.8 % प्रिया जायसवाल 86.3% जानवी 86% काजल पटेल 85% अंशिका मिश्रा 84.8% कोमल 84.8% दीपांशु पटेल 84.5% कामना पटेल 84.2% अनन्या 84% खुशी 83% इंटरमीडिएट में स्नेहल शुक्ला 84.2% रोशनी 82.6% विनायक शुक्ला 79% मनीषा पटेल 79% कृति द्विवेदी 78.8% विकास पटेल 78.8% आंचल द्विवेदी 75.8% आशिका सिंह 74.4% लक्ष्मी पाल 75.4% महेसर हिना 74.2% अंक अर्जित करके अपने परिवार गांव क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य जगत नारायण पाण्डेय तथा समस्त विद्यालय परिवार बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं तथा उनके परिवार जनों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि विगत कई वर्षो से लगातार विद्यालय का रिजर्ट अच्छा रहा है।

## तीन बच्चों की मां घर से लापता, पति पहुँचा थाने

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन बच्चों की मां अपने जेठ से अय्याशी कर रही थी।मोबाइल फोन से अश्लील बात करने का ऑडियो गांव में परिजनों में प्रसारित हुआ तो महिला के पति को भी अपनी पत्नी व बड़े भाई जेठ के साथ नाजायज संबंध की जानकारी हुई। महिला के पति ने महिला से पूछताछ की तो महिला रविवार रात तीनों बच्चों को लेकर घर से लापता हो गई। सोमवार को घूरपुर थाना क्षेत्र में तीनों बच्चो को छोड़कर महिला लापता हो गई। महिला का पति तीनों बच्चों के साथ कौधियारा थाने पर पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ सपा महिला सभा ने चौक में निकाला कैंडल मार्च

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी महानगर महिला सभा की ओर से चौक महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मंजू यादव के नेतृत्व में कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान परस्त आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार और सैलानियों की जान बचाने में अपने प्राणों की आहूति देने वाले हमारे देश के वीर सपूतों घोड़ा खच्चर चलाने वालों की शहादत पर शोक सभा करने के साथ नगर कार्यालय से कैंडल मार्च निकाला गया जो चौक ,बजाजा पट्टी ,घंटाघर से होते हुए ऐतिहासिक नीम के पेड़ के नीचे तक गया जहां सपा महिला सभा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद के साथ प्रधानमंत्री मोदी गृहमंत्री अमित से अपने अपने पद त्याग कर देश से इस शर्मनाक घटना के अंजाम हो जाने और लापरवाही के साथ बड़ी चूक के लिए सार्वजनिक रुप से माफी मांगने की बात कही। ऐतिहासिक नीम के पेड़ के नीचे मोमबत्तियां जलाकर पहलगाम में जान गवांने वाले सैलानियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर मृतक परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त कि गई।इस मौके पर मंजू यादव, सुमन वर्मा, सावित्री सिंह, अंकिता श्रीवास्तव, इन्दू यादव, उर्मिला सिंह, खुशनुमा बानो, लक्ष्मी यादव, संध्या कुशवाहा, कंचन कुशवाहा, नेहा यादव, सुनीता यादव, उर्मिला यादव, छाया दीक्षित, मीना गौतम, पूजा कुशवाहा, राधा यादव, सरोज, आशा पाल, बीना यादव, पार्षद नेम यादव, अमित यादव शीबू, रणजीत आदि शामिल रहे।

# एडीए कॉलोनी में धारदार हथियार से दंपती की हत्या के बाद मचा हड़कंप



मृतक दम्पत्ति की फाइल फोटो


हत्या मामले को लेकर लोगों से पूंछताछ करती पुलिस

- स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस
- घटना स्थल पर पहुंची डॉग स्क्वॉड की टीम
- लोगों का कहना है कि बिजली मिस्त्री आया था काम करने के लिए

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के एडीए कॉलोनी में धारदार हथियार से एक वृद्ध दंपती की हत्या कर दी गई। घटना के समय दोनों घर में अकेले मौजूद थे। आस पास के पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के माध्यम से छानबीन शुरू कर दी है। हमलावरों का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस की खोजबीन जारी है। अरुण कुमार श्रीवास्तव (66) अपनी पत्नी मीना श्रीवास्तव (60) के साथ एडीए कॉलोनी स्थित अपने मकान में रहते थे। सोमवार को किसी अज्ञात ने दंपती की हत्या कर दी। घटना के समय दोनों घर में अकेले थे। आस पास के पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस दोनों को घायलावस्था में एसआरएन अस्पताल ले गयी, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि दंपती को तीन बेटियां और एक बेटा है। तीनों बेटियों की शादी हो गई है। बेटा मध्य प्रदेश में एसबीआई बैंक में कर्मचारी है। वहीं डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लेते हुए कातिल का पता लगाने की कोशिश में जुटी हुई है। वहीं घटना की जानकारी पुलिस अधिकारियों को होने के बाद पुलिस अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंच गए और कातिल आरोपी को पकड़ने के लिए संबंधित विभाग को जांच में तेजी दिखाने का आदेश दिए। तीन बेटियां है तीनों की शादी हो चुकी है। एक लड़के हैं जिसका नाम मनीष श्रीवास्तव है।

# बदौंसा में ब्लाक बनाने को लेकर जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह ने चित्रकूट के मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

कहा - सरकार ने ज्ञापन पत्र में दर्शित मांगो को गंभीरता पूर्वक संज्ञान लिया तो बदौंसा क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास, आम लोगों को समस्याओं से मिलेगा निजात


मण्डलायुक्त को ज्ञापन सौंपती शालिनी सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** जेडीयू की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, बदौसा के साथ कई अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने बदौंसा में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर चित्रकूट धाम मंडल के आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बदौसा में नवीन ब्लॉक कार्यालय की स्थापना की मांग प्रमुखता से की गई है।उल्लेखनीय है कि बदौसा क्षेत्र के 115 गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। नजदीक में कोई ब्लॉक या तहसील कार्यालय न होने से ग्रामीणों को दूरस्थ स्थानों तक भटकना पड़ता है। पुलिस स्टेशन, बैंक और स्वास्थ्य केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी प्रायःअभाव है, जिससे आमजन को गहरी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि चयन के प्रस्ताव पूर्व में भेजे जा चुके हैं और खंड विकास अधिकारी नरैनी द्वारा भी अनुमोदन किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है। इस दौरान जेडीयू यूपी की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि बदौसा क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर और नागरिकों को समुचित विकास सुविधाएं देने के लिए ब्लॉक कार्यालय का निर्माण होना बेहद अहम है। उन्होंने आगे कहा कि यदि चित्रकूट धाम के मंडलायुक्त महोदय के जरिए दिए गए ज्ञापन पत्र में दर्शित मांगों पर सरकार ने गंभीरता से लेते हुए दशकों से मूलभूत सुविधाओं का दंश झेल रहे बदौंसा क्षेत्र के लोगों की बुनियादी जरूरतों का समाधान किया तो सरकार की इस पहल से न सिर्फ बदौंसा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा बल्कि विकास की नई ऊंचाइयों की कड़ी में आगे बढ़ेगा। मंडल के नगर अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने विकास कार्यों में शीघ्रता की मांग की। समाजसेवी धर्मेंद्र खटीक ने भी क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया। रामजस निषाद ने मंडल अपर आयुक्त भगवान शरण के आश्वासन पर संतोष जताते हुए कहा उन्होंने हमारी मांगों को गंभीरता से सुना और समर्थन किया। हमें विश्वास है कि बदौसा में जल्द ब्लॉक बनेगा। उन्होंने अतर्रा एसडीएम से फोन पर बात कर निरीक्षण कराने के निर्देश भी दिए हैं। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, बदौसा के कई प्रमुख सदस्य, जेडीयू के जिला अध्यक्ष उमाकांत सविता, समाज सुधार वाहिनी की जिला अध्यक्ष गरिमा सिंह पटेल, जी टीवी जिला अध्यक्ष बांदा नगर विकास काशी प्रसाद याज्ञिक, मोंनू देवी, सोमदत्त साहू, रामरूप, सोमवती गोपी, शिव प्रसाद शिवा, हरिओम सोनकर, अभिषेक सोनी, उमा शंकर वर्मा, रविशंकर गुप्ता, चंद्र पाल, विश्वकर्मा शिव नरेश, विनोद गांधी, विनीत रावत, हरी शंकर दुबे, अहमद रजा समेत सैकड़ों लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# देश की सेना है एलर्ट आदेश मिलते ही आतंकियों के साथ मिट्टी में मिल जायेगा पाक : प्रेमशंकर सिंह

- वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष ने पीएम मोदी के मन की बात पर दी प्रतिक्रिया, कहा-सैनिक संस्था से जुड़े होने के कारण देश के प्रति सैनिकों का जुनून को देखा है



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को मन की बात पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशंकर सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर वह वेहद गम्भीर एवं दुखी हैं। पीएम ने एक बार फिर दोहराया है कि बेगुनाहों को न्याय मिलेगा और न्याय मिलकर रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि मन की बात का यह एपिसोड बहुउद्देशीय रहा है। इसकी प्रमुखता में पहलगाम आतंकी हमला और उसके दोषियों को सजा दिलाने के संकल्प को प्रधानमंत्री ने फिर दोहराया है। उनके मन मे पीड़ा और लहजे में दहशतगर्दो व उनके आकाओं के प्रति तल्खी रही। श्री सिंह ने देश के युवाओं की विज्ञान में रुचि और स्टार्टअप को प्रोत्साहित किया है। स्पेश में बढ़ती देश की पकड़ का जिक्र किया और कस्तूरीरंगन जैसे वैज्ञानिक की इस क्षेत्र की उपलब्धियों को गिनाया है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में देश स्पेश में अपनी बादशाहत कायम करेगा। भाजपा नेता श्री सिंह ने कहा पीएम की पैनी नजर सेब, लीची जैसे फलों की मैदानी इलाके में हो रही उपज का जिक्र किया। उन्होंने कहा सेब की खेती कश्मीर, हिमांचल प्रदेश तक सीमित थी लेकिन अब बंगलौर सहित कई जगह हो रही है। लीची बंगाल, बिहार तक सीमित रही अब वायनाड सहित कई जगह अच्छी पैदावार देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सैनिक संस्था से जुड़े होने के नाते सैनिकों की भावनाओं व देश के प्रति जुनून को नजदीक से देखा है। देश की सेना पीएम के इशारे का इंतजार कर रही है। विगुल बजते ही आतंकियों को मिट्टी में मिलाने में देर नही लगेगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग झूंसी पुलिया के निकट सोमवार की रात 10 बजें के करीब तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे फोर्स के साथ पहुचे दरोगा अंकित कुमार ने बताया कि करेली निवासी हिमांशू 27 पुत्र महावीर सिंह सहसो से बाइक से घर जा रहा था जिसे कार टक्कर मरते हुए शहर की ओर भाग गई। स्थानीय लोगो की मदद से घायल को अस्पताल भेजा जहा उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## अन्नू विश्वकर्मा ने यूपी बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर बढ़ाया क्षेत्र का बढ़ाया गौरव



**मेजा।** माता-पिता के लिए अपने बच्चे की हर सफलता किसी सौगात से कम नही होती। बच्चे की काबिलियत खुद के साथ माता पिता का सिर गर्व से ऊंचा करती है। मेजा तहसील क्षेत्र के पयागपुर गांव के इंदो देवी जीत नारायण विश्वकर्मा की पुत्री अन्नू विश्वकर्मा ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार के साथ साथ क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। गौरतलब है कि राजकीय हाईस्कूल उल्दा मांडा पयागपुर की कक्षा 10 वीं की छात्रा अन्नू विश्वकर्मा के पिता जीतनारायण विश्वकर्मा एक मजदूर है। अन्नू विश्वकर्मा का मूल निवास मेजा तहसील के मांडा विकास खंड के पयागपुर ग्राम सभा है। परिवार व क्षेत्र के लोगों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। अन्नू की इस सफलता पर नात-रिश्तेदारों और परिचितों ने बधाई दी है।

## दर्जनों कमान मालिको को पीडब्ल्यूडी ने दिया नोटिस, हड़कम्प

**झूंसी।** झूंसी के कटका वार्ड-50 में पुरानी जीटी रोड किनारे रहने वाले दर्जनों भवन स्वामियों को पीडब्ल्यूडी में अवैध कब्जा हटाने का नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर कब्जा हटाने का निर्देश दिया है, नोटिस मिलने के बाद से भवन स्वामियों में हड़कंप मचा है, लोगो ने मामले को लेकर जिलाधिकारी, महापौर, विधायक तक से गुहार लगाई अब मुख्यमंत्री से मिलने की तैयारी है।

लोक निर्माण विभाग खंड 4 के द्वारा झूंसी के पुरानी जीटी रोड के उत्तरी तट पर रहने वाले 60 से 70 भवन स्वामियों को नोटिस दिया गया नोटिस में बताया गया है कि जिस जमीन पर आप लोग मकान बनाकर रह रहे हैं वह पीडब्ल्यूडी की जमीन है और उसे 15 दिनों के भीतर खाली कर अवैध कब्जा हटा दें नोटिस मिलने के बाद से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। सुरेश कुमार ने बताया कि हम लोग को यहां रहते हुए तीन से चार पुस्त बीत गई आज पीडब्ल्यूडी हमें बेघर करने पर तुला होता है। महेंद्र यादव, पिंटू भारतीय, छोटे भारतीय का कहना है कि कई बार सड़क का चौड़ीकरण किया गया उसे दौरान यह नहीं बताया गया की हम लोगो का मकान पीडब्ल्यूडी की जमीन पर है, अब हम लोग कहा जायेगे। लाला यादव ने बताया कि जिलाधिकारी से लेकर विधायक, सांसद, महापौर तक से अपने मकान को बचाने की गुहार लगाई गई पर कोई रास्ता नहीं नजर आ रहा है अब हम सभी लोग मुख्यमंत्री से मिलने जाएंगे और उन्ही से अपने मकान को बचाने की गुहार लगाएंगे। मामले में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड-4 सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी मकान पीडब्लूडी की जमीन पर है।

### निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए दी गई नोटिस

मामले में वार्ड-50 कटका पार्षद बबिता यादव ने बताया कि एक निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए लोगों को नोटिस दी गई है उनका कहना था कि मकानों के पीछे रेलवे की जमीन है जिसे एक निजी कंपनी को लीज पर दी गई है। इस कंपनी के लिए दर्जनों मकान को खाली करा कर लोगों को बेघर किया जा रहा है।

# नैनी में महज तीन महीने में ही उखड़ी सड़कें, महाकुंभ में हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठे सवाल

- नैनी स्टेशन रोड समेत कई इलाकों में सड़कें, नालियों की निकासी अधूरी दुर्घटनाओं का बना खतरा




**राकेश गुप्ता बच्चा**

**नैनी।** नैनी महाकुंभ 2025 के आयोजन में नैनी समेत पूरे प्रयागराज में युद्धस्तर पर निर्माण कार्य किया गया। लेकिन अब कार्यों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नैनी स्टेशन रोड, मेवालाल की बगिया चौराहा, लेप्रोसी चौराहा और आसपास के क्षेत्रों में बनाई गई सड़कें महज तीन महीनों में ही जगह-जगह से उखड़ने लगी हैं। नालियों की निकासी अधूरी है और कई जगहों पर दरारें उभर आई हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

खाना -पूर्ति के नाम पर किया गया निर्माण कार्य

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि महाकुंभ के नाम पर सड़क और नाला निर्माण कार्य महज औपचारिकता निभाने के लिए किया गया है। नैनी स्टेशन रोड पर बने नाले आधे-अधूरे हैं और उनका किसी बड़े नाले या सीवर लाइन से संपर्क नहीं है। पानी की निकासी न होने के कारण सड़कों पर गंदा पानी भर जाता है, जिससे सड़कें तेजी से खराब हो रही हैं और राहगीरों के लिए खतरा बढ़ गया है।

### भारी वाहनों के दबाव से बढ़ी परेशानी

नैनी क्षेत्र में रोजाना हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन इन्हीं सड़कों से गुजरते हैं। खराब सड़कों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द मरम्मत और सफाई का कार्य शुरू नहीं हुआ तो इस दौरान बड़ी अव्यवस्था देखने को मिल सकती है।

### नगर निगम और प्राधिकरण पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों ने नगर निगम और विकास प्राधिकरण पर सवाल उठाते हुए कहा है कि आधे-अधूरे निर्माण कार्यों को कैसे पास कर दिया गया। बिना उचित निकासी व्यवस्था के नाले बना दिए गए और सड़कें गुणवत्ता मानकों की अनदेखी कर बनाई गई।समाजसेवी देवा श्रीवास्तव ने कहा की ये घोर लापरवाही है शासन और प्रशासन की। सरकार ने तो करोड़ों रुपए खर्च किए थे, लेकिन ठेकेदार और अधिकारियो की मिलीभगत से कार्य ठीक नहीं हुआ है। आपको बतादें कि मेवालाल की बगिया चौराहे के पास जो कि नैनी स्टेशन का मुख्य मार्ग माना जाता है जो कि रविवार को पीडीए के द्वारा टूटी फूटी सड़कों पर लेबरों द्वारा लीपा पोती का कार्य करवाया गया है।देवा श्रीवास्तव ने कहा कि मानसून से पहले नालों की सफाई और जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि जलभराव और सड़क धंसने की समस्या से बचा जा सके।

### प्रशासन से तत्काल मरम्तीकरण की मांग

स्थानीय निवासी डॉ मोनू, गुलफाम, बबलू केसरवानी, पुष्पा यादव और अरुण सिंह ने बताया कि नैनी क्षेत्र की मुख्य सड़कों की हालत इतनी खराब है कि बारिश आते ही हालात और बिगड़ जाएंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत विशेष अभियान चलाकर सड़कों और नालियों की मरम्मत कराई जाए, ताकि आने वाले महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

आपको बताते चलें कि स्थानीय लोगों का आरोप है कि नैनी स्टेशन रोड पर सबसे बड़ी समस्या नाले की है। जहां नगर निगम के ठेकेदार लाखों रुपए सफाई के नाम पर ले लेंगे लेकिन सफाई नहीं हो पाती है। जगह जगह सड़कों के बीच में बने सीवर के ढक्कन टूटे फूटे और गंदे पानी से बहते हुए देखे जा सकते हैं।

वहीं क्षेत्रीय पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल का कहना है कि महाकुंभ मेले के पहले जो भी पीडीए द्वारा कार्य करवाया गया है वह ठीक से नहीं करवाए गए हैं। मेवालाल की बगिया चौराहे से मलहरा फाटक तक पीडीए के ठेकेदारों द्वारा करवाया गया नाले का निर्माण भी आधा अधूरा ही करवाया गया है। आने वाले बरसात माह में मुहल्ले के लोगों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। बरसात माह भी करीब आ चुका है लेकिन अभी तक नगर निगम के अधिकारियों ने नाले की सफाई नहीं करवाई है जिससे मुहल्ले के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# जनता पर टैक्स का बोझ नहीं, आय बढ़ाने के लिए खोजे वैकल्पिक संसाधन : महापौर

- महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम की समीक्षा बैठक, जनहित योजनाओं पर किया गया मंथन
- गंदगी फैलाने वालों पर लगेगा जुमार्ना, अनाधिकृत विज्ञापन वालों से होगी राजस्व वसूली



**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम की सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नए वित्तीय वर्ष के लिए नवाचारपूर्ण योजनाएं तैयार करें, जो सीधे जनता के हित में हों। बैठक की अध्यक्षता महापौर ने की, जबकि संचालन नगर आयुक्त साईं तेजा द्वारा किया गया। बैठक में महापौर ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की आय में वृद्धि की जानी चाहिए, लेकिन इसका भार किसी भी रूप में जनता पर न डाला जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे संसाधनों की पहचान और विकास किया जाए जो राजस्व के वैकल्पिक स्रोत बन सकें।

### कोतवाली से अतरसुइया रोड 5 मीटर होगी चौड़ी

सीएम ग्रिड के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रथम चरण में 100 करोड़ रुपये की लागत से 8 परियोजनाएं चल रही हैं। द्वितीय और तृतीय चरण के लिए सर्वे की प्रक्रिया चल रही है। महापौर ने मीरापुर सब्जी मंडी से हनुमान मंदिर तक की सड़क को तीसरे चरण में शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही जोन-4 की कोतवाली से अतरसुइया रोड के चौड़ीकरण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। उन्होंने कहा कि यहां लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन, खासकर स्कूली बच्चों को भारी परेशानी होती है।

### गंगा पथ और फोरलेन फिर होंगे रोशन

महापौर ने गंगा पथ, अंदावा-सहसों और फाफामऊ क्षेत्र में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने और मेला क्षेत्र की अतिरिक्त लाइट्स को उपयोग में लाने के निर्देश दिए। साथ ही हाउस टैक्स जमा न करने वाले क्षेत्रों की सूची बनाकर वसूली की कार्रवाई तेज करने को कहा। घाटों की सफाई, कीटनाशक छिड़काव, फॉगिंग, कचरा संग्रहण और नालों की सफाई जैसे मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अफसरों ने बताया कि, 649 नालों की सफाई के लिए टेंडर किया गया है। बाकी नाले और नालियों की सफाई निगम के सफाई कर्मचारियों से साफ कराने के निर्देश महापौर ने दिए हैं।

### नियम तोड़ रही मीट की दुकानों पर होगी कार्रवाई

महापौर ने शहर में चल रही मांस की दुकानों में नियमों के उल्लंघन पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मांस को खुले में लटकाना न केवल नियम विरुद्ध है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है। नगर आयुक्त को ऐसी दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि नगर निगम द्वारा संचालित गौशालाओं में लगभग 3000 मवेशी हैं, जिनके भोजन, पानी और गर्मी से बचाव के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

### हर विभाग से दो साल की रिपोर्ट मांगी

महापौर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे आगामी बैठक में अपने विभाग की दो वर्षों की कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके अलावा स्वीकृत परियोजनाओं पर शिलान्यास और शिलापट लगाने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू करने को कहा गया। महापौर ने इसके अलावा स्वीकृत विकास कार्यों की भी जानकारी ली। साथ ही पूरे हो चुके सभी कार्यों पर शिलापट लगाने और शिलान्यास की कार्यवाही करने को कहा। प्रतिदिन प्रत्येक जोन से आने वाले मलबा शुल्क, नालों से प्रतिदिन निकलने वाली सिल्ट का निस्तारण, सफाई कर्मचारियों और वार्डों में सफाई की स्थिति, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, घाटों की सफाई, कीट नाशक का छिड़काव, फॉगिंग, लाइसेंस शुल्क, गंदगी फैलाने वालों पर जुमार्ना, अनाधिकृत विज्ञापनों से राजस्व वसूली, दाखिल-खारिज, डॉग्स वैक्सीनेशन को लेकर भी जानकारी ली। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरविंद राय, दीपेंद्र यादव, अंबरीष बिंद, मुख्य कर अधिकारी , पी.के. द्विवेदी, चीफ इंजीनियर अनिल मौर्या, प्रकाश व्यवस्था प्रभारी संजय कटियार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कश्मीर हमले के दोषियों और आतंकियों पर सरकार द्वारा हो कठोर एक्शन : नीरज द्विवेदी

- मेजा के बभनी हेठार गांव के आक्रोशित लोगों ने हमले में मारे गए परिवारों के प्रति व्यक्त की संवेदना, कैंडल मार्च निकाल जताया विरोध




**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में ग्राम पंचायत बभनी हेठार में एक श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता एवं गौ रक्षा मंडल प्रभारी नीरज द्विवेदी ने किया।

श्रद्धांजलि सभा के इस अवसर पर सभी ने दो मिनट का मौन धारण किया और मोमबत्ती जलाकर पहलगाम कश्मीर में मारे गए 26 लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की किया। इस दौरान भाजपा नेता नीरज द्विवेदी ने कहा कि पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की जानी चाहिए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए आतंकवाद का नामोनिशान मिटा देना चाहिए, उन्होंने आगे कहा कि यह श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च शहीद हुए परिवारों को श्रद्धांजलि देने और उनकी याद में आयोजित किया गया है। इस मौके पर देवेंद्र सोनकर संदीप दुबे, सनी अग्रहरि, अजय कुमार ,सुधाकर पांडेय, अनिल कुमार ,पंकज तिवारी, दीपू दुबे, नीरज अग्रहरि तथा नागेन्द्र कुमार आदि के अलावा सैकड़ो लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मिट्टी के टीला में दब जाने से पांच लोगों की मौत 4 लोग हुए घायल

## ● इसके पहले भी कोखराज थाना क्षेत्र में मिट्टी खोदने वक्त टीला ढह जाने से कई लोगो की हुई थी मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के टिकडडीह गांव में सोमवार की सुबह मिट्टी खोदने गयी महिलाओं बालिकाओं के ऊपर मिट्टी खोदते वक्त अचानक तालाब का टीला ढह गया है जिससे 9 लोग टीले की मिट्टी में दब गए हैं हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य मे जुट गए मौके पर कोहराम मच गया जेसीवी मशीन से मिट्टी हटाकर दवे लोगों को बाहर निकल गया तब तक पांच लोगों की मौत हो गयी इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं घटना की सूचना एंबुलेंस 108 और थाना पुलिस को दी गई जानकारी मिलते ही एंबुलेंस 108 थाना पुलिस सहित बड़े अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां हालत गंभीर बताई जाती है मृतक लोगों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतक के परिवार को पांच पांच लाख रुपये आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की है। इस हादसे में मरने वालों में ललिता देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी राजेश कुमार वा ममता देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी अवधेश कुमार वा उमा देवी 15 वर्ष पुत्री मयादीन वा कछराई उम्र 55 वर्ष पत्नी छोटेलाल वा खुशी उम्र 19 वर्ष पुत्री मूलचंद सभी निवासी नगर पालिका परिषद भरवारी के टिकडडीह थाना कोखराज के निवासी है इस दुर्घटना में मैना देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी राजू वा सपना देवी उम्र 16 वर्ष पुत्री भारत लाल वा आक्रोश कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र छोटेलाल वा लक्ष्मी देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी लखनलाल सभी निवासी टिकडडीह गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है एक साथ गांव के पांच लोगों की मौत के बाद पूरे गांव में शोक की लहरें है चारों तरफ कोहराम मचा हुआ है गांव में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का जमावड़ा लगा हुआ है इसके पहले भी कोखराज थाना क्षेत्र में मिट्टी खोदने वक्त टीला ढह गया था उस समय भी बड़ा हादसा हुआ था कई लोगो की मौत हुई थी लेकिन पुरानी घटनाओं से जिम्मेदारों ने सबक नहीं लिया है जिससे फिर हादसा हुआ और पांच लोगों की मौत हो गई।





## पांच लोगों की मौत ने खोल दी पीएम आवास की हकीकत





**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के गरीबों को पक्के मकान दिए जाने की लगातार घोषणा की जा रही है 2024 तक देश के संपूर्ण गरीबों के पक्के घर बनाए जाने की मोदी सरकार ने घोषणा की थी लेकिन उनकी घोषणा पर अमल नहीं हो सका है प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद भी गांव के गरीब लोगों को पक्के घर नहीं मिल सके यदि गांव के गरीब लोगों को पक्के घर मिले होते तो वर्तमान में हादसे न होते कोखराज थाना क्षेत्र के टिकडडीह गांव में 28 अप्रैल को तालाब से मिट्टी खोदने वक्त पांच महिलाओं की एक साथ मौत हो गई यह महिलाएं कच्चे घरों के मरम्मत के लिए मिट्टी खोदने गई थी यदि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ इन महिलाओं को समय रहते मिल गया होता तो कच्चे घर की मरम्मत करने के लिए महिलाएं मिट्टी खोदने नही जाती है और 5 महिलाओं की मौत ना होती प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े खेल हो रहे हैं जिससे गरीब कमजोर को पीएम योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और इधर-उधर प्रधानमंत्री आवास वितरण करके जिले से लेकर शासन तक के नेता मंत्री और अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना की सफलता पर छाती पीट रहे हैं जब के कच्चे घर की मरम्मत के लिए मिट्टी खोदते वक्त पांच महिलाओं की मौत ने प्रधानमंत्री आवास योजना की पूरी योजना की कलई खोल कर रख दी है।

# बीभत्स तरीके से बालिका की घर में हत्या

**घटनास्थल की चारपाई पर पड़ा था बालिका का सलवार और टॉप**



**अखंड भारत संदेश**

**महेवाघाट कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोलुहवा गांव में बीती रात एक बालिका की उसी के घर के भीतर बड़े विभक्ति तरीके से हत्या कर दी परिवार के लोगों को बालिका की हत्या की जानकारी सुबह हुई तो परिवार के लोगों ने होहल्ला मचाया होहल्ला सुनकर गांव के लोगों की भीड़ मौके पर लग गई हत्या की सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंची और मृतक बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना स्थल पर तमाम ऐसे साक्ष्य मिले हैं जो तमाम सवाल खड़े कर रहे हैं बालिका की हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी कौशांबी अभिषेक सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोलुहवा गांव की सोनू देवी उम्र 24 वर्ष पुत्री शंभू पटेल उर्फ कल्लू अपने घर की छत पर चारपाई डालकर सो रही थी आधी रात को बालिका का गला रेत कर और हाथ की नसे काटकर हत्या कर दी गई है घर के भीतर हत्या की जानकारी परिवार के लोगों को रात में नहीं लग सकी है और परिवार के लोगों को बालिका की हत्या की जानकारी सुबह मिली है छत पर चारों तरफ खून बिखरा हुआ था घटनास्थल पर मौजूद चारपाई पर बालिका का सलवार और टॉप पड़ा हुआ था जो तमाम सवाल खड़े कर रहे हैं चारपाई के नीचे प्लास्टिक की डोरी और मोटे डंडे भी पड़े थे बालिका की हत्या के बाद घटनास्थल पर डंडे और डोरी भी घटना के मामले में कई सवाल उत्पन्न कर रहे हैं पुलिस ने मृतक बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है।

## तीन तमंचा चोरी के समान सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा चोरी के सामान व अवैध तीन तमंचा कारतूस के साथ 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्तों का लम्बा अपराधिक इतिहास है और कई अन्य थाना में मुकदमा दर्ज है क्षेत्र के जयंतीपुर में भी चोरी की घटना में उपरोक्त गिरफ्तार आरोपी शामिल बताए जाते हैं सैनी कोतवाली में भी पूर्व से मुकदमे दर्ज हैं पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जाकिर पुत्र मुन्ने निवासी गनसरी थाना संदीपनघाट वा नरेंद्र पुत्र जगपाल निवासी बरीपुर थाना कोखराज और गोरेलाल पुत्र संतलाल निवासी जलालपुर बोरियों थाना संदीपनघाट को सराय अकिल थाना पुलिस ने चोरी के समान सोलर पैनल 7000 नगद रुपए और तीन तमंचा कारतूस के साथ नन्दा का पुरवा जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया है।

## न्यूज झरोखा

### आईएएस में 931वीं रैंक प्राप्त करने वाली साधना दिवाकर को डीएम ने पुष्प गुच्छ देकर एवं साल ओढ़ाकर किया सम्मानित




**कौशाम्बी।** वसंघ लोक सेवा आयोग की सर्वोच्च परीक्षा आई0ए0एस0 में अपने पहले ही प्रयास में 931वीं रैंक प्राप्त करने वाली जनपद कौशाम्बी की साधना दिवाकर पुत्री श्री गिरधारी लाल निवासी ग्राम-महमूदपुर तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में पुष्प गुच्छ देकर एव साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आपने पहले ही प्रयास में आई0ए0एस0 की परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रोशन किया है। आप कौशाम्बी जनपद की बालिकाओं के लिए प्रेरणाश्रोत बनकर उभरीं है, आपसे और भी बालिकायें सीख प्राप्त करके आगे भी इसी तरह की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करेंगी। जिलाधिकारी ने साधना दिवाकर से अपने अनुभव साझा किये एवं साधना दिवाकर ने जिलाधिकारी से कैडर सम्बन्धित कई जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उनका हौंसला अफजाई करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कॉमना की।

### 1 मई को धरना प्रदर्शन करेंगे प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षक




**भरवारी कौशांबी** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक सोमवार को बीआरसी मूरतगंज के प्रांगण में आयोजित हुई बैठक के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा हुई और समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 1 मई को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में विशाल धरना प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई गई बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने किया शिक्षकों की तमाम समस्याओं का समाधान न होने से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर 1 मई को धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन निर्धारित किया गया है बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र नारायण मिश्रा मंत्री रविंद्र सिंह कोषाध्यक्ष दशरथ लाल राजकुमार वर्मा अमित सिंह प्रेमचंद अनुराधा वर्मा राहुल पांडे फिरदौस फातिमा जितेंद्र सिंह बुद्धिमान सिंह लखन लाल वर्मा राघवेंद्र मिश्रा विनोद सिंह सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### पॉलिटेक्निक चलो अभियान के अंतर्गत बैठक और रैली का हुआ आयोजन




**कौशांबी।** तकनीकी शिक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को महामाया पॉलिटेक्निक आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की बैठक मंझनपुर तहसील में आयोजित किया गया बैठक के माध्यम से यह कहा गया कि पॉलिटेक्निक चलो 2025 का प्रचार प्रसार करना है और छात्रों की संख्या बढ़ाने है इस मौके पर मंझनपुर मुख्यालय में छात्र-छात्राओं शिक्षकों ने रैली का आयोजन कर पॉलिटेक्निक चलो अभियान की सफलता का प्रयास किया है छात्रों को रोजगार परक तकनीकी शिक्षा देनी है जिससे छात्रों का भविष्य बेहतर बन सके इस मौके पर सुजीत कुमार प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक टेवा राकेश कुमार पटेल प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक चायल आरके गौतम प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई मंझनपुर सहित सभी संस्थाओं के शिक्षक छात्र छात्राएं आदि लोग मौजूद रहे।

# मृतकों के परिजनो को -05-05 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा : जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी ग्राम टीकरडीह में हुई दुर्घटना से पीड़ितों/घायलों का हाल-चाल लेने पहुँचे जिला अस्पताल, घायलों का बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के दिये निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत ग्राम टीकरडीह में तालाब में मिट्टी खोदने गई महिलाएं व पुरुष मिट्टी का ढेर ढह जाने से दब गए थे, जिनमें 05 महिलाओं की दुखद मृत्यु हो गई है तथा अन्य 04 लोग घायल हुए। सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी स्थिति सामान्य है। घायलों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी लेने के लिए जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी जिला अस्पताल पहुॅचकर घायलों से बात-चीत कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने घायलां को बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश चिकित्सकों को दियें। जिलाधिकारी ने ग्राम टीकरडीह पहुॅचकर दुर्घटना स्थल का जायजा लेते हुए गॉव वालों से दुर्घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली एवं पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बधाया। जिलाधिकारी ने कहा कि मृतकों के परिजनां को रू0-05-05 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेंगा।

## वारंटी को चरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त अर्जुन प्रजापति पुत्र राम भवन निवासी राजापुर चक बादशाह पुर थाना चरवा को चरवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया है आरोपी के विरुद्ध 14 वर्षों पूर्व चोरी की घटना से संबंधित मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें अदालत में उपस्थित न होने पर अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर वारंटी को गिरफ्तार करने का निर्देश पुलिस को दिया था

## चोरी का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा चोरी के वांछित अभियुक्त अनुराग त्रिपाठी उर्फ अनिकेत त्रिपाठी छोटू पुत्र गुड्डू तिवारी उर्फ डीजल निवासी बुद्धपुरी थाना सराय अकिल को चोरी के लैपटॉप के साथ कस्बे के पावर हाउस के पास से पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया है।



## तालाब में डूबे युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के कनवार गांव के मजरा मेडीपुर निवासी एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक लवकुश उम्र 20 वर्ष पुत्र प्रेम सोनकर बीते कल रविवार 2 बजे से संन्दिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया परिजन दिनभर और आज सोमवार दोपहर तक युवक को तलाशते रहे,गांव के ही कुछ लोग आज सोमवार दोपहर 12 बजे अपने पशुओं को पानी पिलाने बंधवा तालाब गए तो देखा एक शव पानी में उतरा रहा है शव उतराने की जानकारी पर मजरे में हल्ला मच गया,लोगों ने नजदीक जाकर देखा तो लवकुश का शव था ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे स्वजनों में कोहराम मच गया सैकड़ों की संख्या में लोगों का जमघट लग गया सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाकर कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई में जुट गई परिजनों के अनुसार युवक को मिर्गी आती थी।



## संत शिरोमणि रविदास पीठ, कौशांबी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा गया ज्ञापन

**कौशांबी** संत शिरोमणि रविदास पीठ, कौशांबी के तत्वावधान में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हाईकोर्ट इलाहाबाद के समीप बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया ज्ञापन में मांग की गई कि इस कृत्य में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए तथा मूर्तियों के साथ छेड़छाड़ अथवा उन्हें क्षति पहुँचाने वाले असामाजिक तत्वों के लिए कठोर से कठोर सजा और भारी जुमार्ने का प्रावधान किया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी निंदनीय हरकत करने का साहस न कर सके। संत शिरोमणि रविदास पीठ के राष्ट्रीय प्रभारी ने ज्ञापन के माध्यम से विशेष रूप से यह आग्रह किया कि संविधान निमार्ता बाबा साहब की प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु केंद्र और राज्य सरकार मिलकर प्रभावी कानून बनाएँ ज्ञापन सौंपने के अवसर पर सतीश गोयल, अमरेन्द्र कुमार, घनश्याम गौतम, रामप्रकाश प्रधान, शक्ति प्रकाश, सोहन लाल, शिवलाल केशकर, राजू गौतम, संदीप गौतम, अनुज राव, धर्मेंद्र गौतम सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

## वांछित अभियुक्त को महेवा घाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महेवाघाट कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशांबी के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अध्यक्ष महेवा घाट द्वारा गठित टीम के उप निरीक्षक गौरव त्रिवेदी मय हमराह टीम के द्वारा मुकदमा संख्या 70 / 2025 धारा 376 506 328 भादवी 3/4 पास्को एक्ट 66 आई टी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त राजू उर्फ प्रेम प्रकाश पुत्र महंत लाल पासी निवासी मनकापुर को मनकापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के उपरांत अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## कुएं में गिरी भैंस मौके पर डायल 112 सहित फायर ब्रिगेड मौजूद

**कौशाम्बी** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव के सुधीर त्रिपाठी पुत्र श्रीनाथ की ओसर भैंस चरते वक्त कुएं में गिर गई जिसके डायल 112 सहित फायर ब्रिगेड को सूचित किया मौके पर पहुंच कर बचाव एवं राहत कार्य किया जा रहा है।

# प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे कौशांबी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अव्वाहन पर बस्ती जनपद में संविधान बचाओ रैली का प्रदेश स्तरीय आयोजन किया गया था इसमें कौशांबी की तरफ से जिला अध्यक्ष गौरव पांडे अपनी कमेटी के साथ बस्ती पहुंचकर रैली को सफल बनाने में अपना योगदान दिया । मीडिया को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि जनपद बस्ती में अपार भीड़ देखकर लगा कि अब जनता को कांग्रेस के ऊपर ही विश्वास रह गया है और जनता राहुल गांधी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं जिलाध्यक्ष ने मीडिया को बताया की प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी अविनाश पांडे विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना पीएल पुनिया , प्रदीप नरवाल सहित प्रदेश के तमाम नेता मीटिंग में मौजूद थे । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय भीड देखकर गदगद रहे और उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान को खत्म नहीं होने देगी तथा संविधान बचाने के लिए कांग्रेस हमेशा तत्पर रही है और वर्तमान की भाजपा सरकार जो संविधान को खत्म कर देना चाहती है उसके मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को कुचलना चाहती है । बैठक में जिलाध्यक्ष के साथ बस्ती पहुंचे जिला महासचिव रामसूरत रैदास ने कहा की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को बीजेपी कुचलना चाहती है तथा आरक्षण को भी खत्म करना चाहती बस्ती की मीटिंग में जिलाध्यक्ष के साथ प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी, यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी, महासचिव राम सूरत रैदास, सचिव नूरुत जमा, श्याम सिंह भदौरिया,सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहरुख, राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व प्रदेश सचिव विवेक मिश्रा, अमृतलाल प्रधान,बिसाई लाल, राम दास,छोटेलाल,कार्यालय प्रभारी हेमंत रावत,रोहित सिंह,जिला कौशांबी कांग्रेस के पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।



# भारत-पाक के बीच दो अंतरराष्ट्रीय संधियों के निलंबन की कहानी

## सम्पादकीय

### देश को भीतर से दरकाते देशभक्त

**देश** की वर्तमान परिस्थितियों का सीधा लाभ पाकिस्तान, उसके संरक्षण में फल-फूल रहे आतंकवादी और इधर भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है। बगैर यह समझे कि उनकी हरकतें पाकिस्तान व दहशतगर्दों को खुश कर रही हैं, खुद को 'देशभक्त' कहने वाले भाजपा समर्थक दुनिया भर में भारत की साख को मिट्टी में मिला रहे हैं। सच कहा जाये तो ये लोग, जिसे कभी खुद पार्टी नेतृत्व ने 'स्प्लिंटर ग्रुप' कहा था, अपना ही देश तोड़ रहे हैं। देश की सबसे बड़ी ताकत नागरिक एकता होती है, इसे ध्वस्त करने का काम हो रहा है। भाजपा हाईकमान तथा उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को चाहिये कि वे अपने कार्यकताओं तथा समर्थकों को इस बात की समझाइश दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के गुनहगारों से लड़ने की जरूरत है, न कि देश के भीतर रहने वाले मुसलमानों से। उनकी हरकतें अंतरराष्ट्रीय समुदाय के आगे भारत को एक विभाजित समाज के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की प्रसिद्ध बैसरन घाटी में आतंकियों ने 27 लोगों को मार डाला था। इनमें एकाध को छोड़कर सारे ही पर्यटक थे। इस घटना ने देश भर में पहले से चल रही मुस्लिम विरोधी मानसिकता को और भी सघन कर दिया है। इस बात को बहुत बढ़-चढ़कर बताया जा रहा है कि आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछकर गोली मारी। हालांकि इस बात की बहुत पुष्टि नहीं हो पायी है, फिर भी इसे भाजपा-संघ के समर्थकों तथा आईटी सेल ने लपक लिया है तथा उसे सच साबित कर रही है। घटना के कुछ ही क्षणों के भीतर छत्तीसगढ़ भाजपा से एक एआई जनरेटेड चित्र सोशल मीडिया पर जारी हुआ, जिसमें एक शोकाकुल नवविवाहित युवती अपने पति के शव के साथ दिख रही है। उस पर स्लोगन दिया गया है- 'धर्म पूछा जाति नहीं'। जाहिर है कि यह तस्वीर जारी करने का मकसद घटना का लाभ उठाते हुए ध्रुवीकरण की प्रक्रिया को तेज करना ही था।

सोशल मीडिया पर हिन्दू-मुस्लिम की लड़ाई घटना के बाद से ही तेज हो गयी है। धर्म पूछकर गोलियां मारने का हाइप इतना बना दिया गया कि एक वर्ग इस बात से कतई प्रभावित नहीं हो रहा है कि अपनी जान का खतरा मोल लेकर गाइडों, घोड़े वालों आदि ने बड़ी संख्या में पर्यटकों को बचाया। वहां से लौटे पर्यटकों की आप-बीती वाले वीडियो कई जगहों से आ रहे हैं जिनमें वे कह रहे हैं कि स्थानीय कश्मीरियों ने उनकी न केवल जान बचाई वरन उन्हें अपने घरों में पनाह दी। उनसे खाने-पीने, रहने का पैसा नहीं लिया, उन्हें बस अड्डों तथा एयरपोर्ट मुफ्त में छोड़ा गया। नजाकत अली का किस्सा खूब मशहूर हो रहा है, जिसने छत्तीसगढ़ के चिरमिरी के 11 लोगों को बचाया। इनमें भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि तक हैं। एक घोड़े वाला सैयद आदिल हुसैन आतंकियों से राइफल छीनने की कोशिश में मारा गया। ये सारी बातें मुस्लिमों ने घृणा करने वाले कुनबे को कतई प्रभावित नहीं कर रही हैं। जो भी साम्प्रदायिक सौहार्द्र की बात कह रहा है, वही आलोचना का पात्र बन रहा है। ऐसे लोगों को देशद्रोही, राष्ट्रविरोधी, पाकिस्तानपरस्त, हिन्दूविरोधी आदि न जाने क्या-क्या कहा जा रहा है।

---

- डॉ. ज्ञान पाठक

**अगर** पाकिस्तान में राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर जल्दबाजी में टिप्पणी नहीं की होती या घाटी में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में मदद का वायदा किया होता, तो कहानी अलग तरह से आगे बढ़ती। शांति का पालन करने के बजाय, उन्होंने प्रतिशोध का रास्ता अपनाया। पाकिस्तान ने भारत द्वारा सिंधु जल संधि 1960 के निलंबन को 'युद्ध की कार्रवाई' कहा।

शायद यह समय निकट अतीत का सबसे बुरा दौर है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोग मारे गये, जो 2000 के बाद से पिछले 25 सालों में सबसे भयानक घटना है। दुनिया ने इसे 'आतंकवाद की कार्रवाई' कहा। इस आतंकी हमले में पाकिस्तान के शामिल होने के प्रथम द्दष्टया सुबूतों के आधार पर भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तुरंत पांच सख्त कदम उठाये। इनमें से एक 1960 की सिंधु जल संधि का निलंबन था। पाकिस्तान ने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' कहा और फिर 1972 के शिमला समझौते को निलंबित कर दिया, जो 'शांति का निलंबन' है। संयुक्त राष्ट्र ने 'अधिकतम संयम' का आह्वान किया है। कहानी अभी भी चल रही है और कोई नहीजानता कि यह किस ओर मुड़ेगी।

अपनी शुरूआती प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने बुधवार को कहा कि वह 22 अप्रैल मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 'पर्यटकों की जान जाने से चिंतित है'। तब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि इस घटना से देश का कोई लेना-देना नहीं है। भारतीय अधिकारी, हालांकि, पाकिस्तान के इनकार से संतुष्ट नहीं थे।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दल ने पहलगाम के आतंकवादियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा। यहां तक कि पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर में भारत-पाक सीमा पर गोलीबारी का सहारा लिया, जिसका भारतीय बलों ने तुरंत जवाब दिया। यह कहानी अशुभ दिशा में आगे बढ़ रही है जिसका असर दोनों देशों के आम लोगों पर पड़ेगा और उनकी जान और संपत्ति का भारी नुकसान होगा।

22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार मशीन द्वारा बनाये गये मिथक को ध्वस्त कर दिया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद जम्मू और कश्मीर में 'सब ठीक है' और उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रत्यक्ष सुरक्षा कवर के तहत सुरक्षित रखा गया है। जम्मू और कश्मीर वास्तव में आतंकवादियों से सुरक्षित नहीं था, क्योंकि आतंकी समूह खुद को शांत रख रहे थे, जबकि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह यह दावा करते रहे कि उन्होंने नागरिकों को प्रदान किये गये मजबूत सुरक्षा कवर के बाद घाटी में शांति बहाल कर दी है। घाटी ने वास्तव में अक्टूबर 2001 के बाद से इस पैमाने पर नागरिकों पर हमले में मौत नहीं देखी है जब 35 लोग मारे गये थे। 2019 का पुलवामा हमला सशस्त्र बलों पर था जिसमें 40 से अधिक जवान मारे गये थे। घरेलू सुरक्षा व्यवस्था की विफलता अब इस आतंकी घटना से साबित हुई है, और इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी के तहत घाटी में शांति, केवल एक मिथक थी, जो उनके हाइपर प्रचार मशीन द्वारा निर्मित था। लेकिन इस विफलता पर पर्दा डालने के लिए मोदी सरकार को एक कवर उपलब्ध है, वह है वर्तमान आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ, और घाटी



के साथ-साथ भारत में अलगाववादी और आतंकवादी आंदोलनों में उनकी पारंपरिक भागीदारी। लेकिन यह बाहरी हाथ की बात पर, सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार की विफलता को माफ नहीं किया जा सकता।

हालांकि, यह कहानी आगे बढ़ी, सिंधु जल संधि 1960 के निलंबन के साथ, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तीन युद्धों - 1965, 1971 और 1999 में भी बची रही। सिंधु जल संधि का निलंबन अब अतीत से एक प्रस्थान है, और इनमें से एक युद्ध अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के तहत लड़ा गया था। इस प्रकार सिंधु जल संधि को निलंबित करने का पीएम नरेंद्र मोदी का निर्णय महत्वपूर्ण नया घटनाक्रम है

सिंधु जल संधि के प्रावधानों के अनुसार सिंधु नदी प्रणाली की पूर्वी नदियों सतलुज, व्यास और रावी का सारा पानी भारत के 'अप्रतिबंधित उपयोग' के लिए उपलब्ध रहेगा, जबकि पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों' सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी मिलेगा। इस संधि के निलंबन से पाकिस्तान अभूतपूर्व स्तर के जल संकट और बाढ़ से पीड़ित होगा। यह पाकिस्तानी लोगों और नीचे की ओर रहने वाले सभी प्रकार के जीवन के लिए विनाशकारी होगा। मानवता के द्दष्टिकोण से, यह तबाही अभूतपूर्व होगी।

अगर पाकिस्तान में राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर जल्दबाजी में टिप्पणी नहीं की होती या घाटी में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में मदद का वायदा किया होता, तो कहानी अलग तरह से आगे बढ़ती। शांति का पालन करने के बजाय, उन्होंने प्रतिशोध का रास्ता अपनाया। पाकिस्तान ने भारत द्वारा सिंधु जल संधि 1960 के निलंबन को 'युद्ध की कार्रवाई' कहा।

गुरुवार, 24 अप्रैल को पाकिस्तान ने भारत-पाक शिमला समझौते 1972 को स्थगित करने की घोषणा की, जो शांति के लिए एक समझौता था। पाकिस्तान ने भारत के पाकिस्तान के खिलाफ उठाये गये कदमों के जवाब में सात जवाबी उपायों की घोषणा की। उनके सात जवाबी उपायों में से एक 'शांति का निलंबन' है, शिमला समझौते के निलंबन से रूप में, जो 1971 के युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित किया गया था जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। शिमला समझौता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच शांति बहाल करना और संबंधों को सामान्य बनाना था, जिसमें अच्छे संबंधों के लिए भविष्य की बातचीत के लिए प्रमुख सिद्धांतों को रेखांकित करके सुलह की दिशा तय की गयी थी। शांति के लिए हुए इस समझौते के निलंबन से न केवल दोनों देशों के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा, बल्कि नागरिकों की शांति और उनका कल्याण पूरी तरह बाधित होगा। शिमला समझौते पर संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है, 'भारत सरकार और पाकिस्तान सरकार ने संकल्प लिया है कि दोनों देश अपने संबंधों को खराब करने वाले संघर्ष और टकराव को समाप्त करेंगे और मैत्रीपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने तथा उपमहाद्वीप में स्थायी शांति की स्थापना के लिए काम करेंगे, ताकि दोनों देश अपने संसाधनों और ऊर्जा को अपने लोगों के कल्याण को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण कार्य में लगा सकें।'

पाकिस्तान द्वारा इस संधि को निलंबित करने से दोनों देशों के लोगों के 'कल्याण को आगे बढ़ाना' गंभीर जोखिम में पड़ गया है। भारत और पाकिस्तान द्वारा दो अंतरराष्ट्रीय संधियों को निलंबित करने के बाद, दोनों पक्षों में कट्टरता अपने चरम पर पहुंच रही है। घाटी में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान और भारत के सैनिकों के बीच रात भर गोलीबारी हुई। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से 'अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि स्थिति और घटनाक्रम जो हमने देखा है, वह और अधिक न बिगड़े।'

---

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित निस्तारण करने का दिया निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जिलाधिकारी** शैलेष कुमार द्वारा कलेक्टेज्ट जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता पूर्वक ध्यान देते हुए समयबद्ध व पारदर्शी ढ़ग से निस्तारण सुनिश्चित कराये, ताकि फरियादी को बार-बार जनपद व तहसील मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि निस्तारण संतुष्टिपरक हो, गलत रिपोर्ट लगाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने जन मानस की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक देखते हुए शिकायतों को गुणवत्तापरक समय-सीमा के अन्दर निस्तारण करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने विभागों में 10 से 12 बजे तक उपस्थित रहकर फरियादियों की शिकायतों को सुने और गम्भीर समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों को निस्तारण करने में लापरवाही न बरते, अन्यथा कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया की आईजीआरएस पोर्टल को प्रतिदिन देखे और लम्बित शिकायतो को अधिकारी स्वयं बात कर तत्काल निस्तारण करें।

जन सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा0 कुँवर वीरेंद्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह, उपजिलाधिकारी श्याममणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।

---

## रात्रि में खनन का कार्य व खनिज परिवहन करते पाए जाने पर होगी दंडात्मक कार्यवाही : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जिलाधिकारी** शैलेष कुमार द्वारा जनपद में संचालित खनन अनुज्ञा धारको एवं समस्त भट्ठा संचालको को आदेशित किया गया कि सभी अपने खनन क्षेत्रों का विवरण खनन अनुमति के साथ बैनर/फ्लेक्सी लगाकर ही खनन कार्य करेंगे। जनपद में कहीं भी किसी भी दशा मे रात्रि के समय खनन कार्य नहीं किया जायेगा, जिसके सम्बन्ध में सभी उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकार को दिया निर्देश दिया गया है। रात्रि में खनन का कार्य व खनिज परिवहन करते पाए जाने पर ट्रैक्टर, ट्राली सीज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



### बिना अनुमति के खनन किये जाने पर की जाएगी सख्त कार्यवाही

खनन विभाग से अनुमति प्राप्त किये बिना खनन किये जाने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। साथ ही सभी जनसामान्य को मिट्टी की उपल्बधता सुनिश्चित किए जाने हेतू खनन विभाग की आनलाईन साईट से अनुमति प्राप्त किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।ईट भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संगठन के पदाधिकारीयों व सदस्यों को अवगत कराया की अनुमति के बाद ही खनन कार्य व परिवहन संपादित करें।

---

## मोदी से निराशा और राहुल से उम्मीदें बढ़ीं

- शकील अख्तर



**यहीं कांग्रेस** को सावधान रहने की जरूरत है। उसे मजबूत होने और अफवाह, प्रचारतंत्र और झूठ का माहौल तोड़ने के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। अभी कांग्रेस की हालत क्या है? हैदराबाद में सौ देशों के प्रतिनिधियों ने पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ केंडिल लाइट प्रदर्शन किया। शांति की कामना की। आतंकवाद का विरोध। मगर कांग्रेस यह दिखाने बताने में असमर्थ रही।

चीजें बदल रही हैं। इसे आप टर्निंग पाइंट भी कह सकते हैं। पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद आम लोगों को प्रधानमंत्री मोदी से निराशा हुई है और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लोगों की उम्मीदें बढ़ी हैं। राहुल गांधी भी अपना विदेशी दौरा छोड़कर भारत लौटे और प्रधानमंत्री मोदी भी। राहुल सीधे कांग्रेस की शीर्ष ईकाई सीडब्ल्यूसी की बैठक में गए। जहां पहलगाम के आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धाजंलि दी गई। आतकंवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का कांग्रेस का संकल्प दोहराया गया। और पूरे देश की एकजुटता की बात कही गई। इसके बाद राहुल उस आल पार्टी मीटिंग में गए जिसे कांग्रेस की मांग के बाद बुलाई तो केन्द्र सरकार ने थी मगर खुद प्रधानमंत्री मोदी उसमें शामिल नहीं हुए।

खैर! नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने स्टेट्समेनशिप ( बड़े नेता, देश के नेता) का परिचय देते हुए सरकार को बिना शर्त पूरा सहयोग देने का वादा किया। यहां यह बात बताना जरूरी है कि इससे पहले कभी ऐसी घटना में बीजेपी जब विपक्ष में होती थी तो सरकार को सहयोग देना तो दूर उल्टे सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर देती थी। मगर राहुल ने कहा कि सरकार जो भी कदम उठाएगी हम उसका साथ देंगे। उसके बाद राहुल अगली सुबह कश्मीर पहुंच गए। वहां अस्पताल जाकर घायलों से मिले। अपनी पार्टी के लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मिले। नेता प्रतिपक्ष के रूप में जो कर सकते थे किया। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी। विदेश यात्रा से लौटकर न तो किसी मृतक के परिवार से मिले, न घायलों से। न कश्मीर गए। न आल पार्टी मीटिंग में आए। किया क्या? बिहार चले गए। जहां विधानसभा चुनाव होना है। वहां एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हंस-हंस कर बातें करते हुए फोटो और वीडियो सामने आए।

यहीं से वह टर्निंग पाइंट बनना शुरू हो गया जहां मोदी पीछे और राहुल आगे दिखने लगे। मगर यह इतना आसान नहीं। जनता में भावनाएं आई हैं। मगर यह सामने आएं इसके लिए कांग्रेस को काम करना पड़ेगा। मोदी के पास मीडिया है। और इन 11 सालों में यह साबित हो गया है कि मीडिया का प्रोपेगंडा इतना ताकतवर है कि वह एक पढ़े-लिखे व्यक्ति को पप्पू और जिसकी डिग्री में संदेह हो उसे बड़ा चिंतक विचारक बता सकता है। मोदी के पास मीडिया के साथ अपनी पार्टी की सोशल मीडिया टीम है और एक बड़ा भक्त समुदाय है। यह तीनों मिलकर मोदी के गिरते ग्राफ को थामने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। यहीं कांग्रेस को सावधान रहने की जरूरत है। उसे मजबूत होने और अफवाह, प्रचारतंत्र और झूठ का माहौल तोड़ने के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। अभी कांग्रेस की हालत क्या है? हैदराबाद में सौ देशों के प्रतिनिधियों ने पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ केंडिल लाइट प्रदर्शन किया। शांति की कामना की। आतंकवाद का विरोध। मगर कांग्रेस यह दिखाने बताने में असमर्थ रही।

यह आयोजन किस का था? कांग्रेस का। राहुल गांधी इसमें शामिल हुए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सौ से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि। मगर उनके आतंकवाद के खिलाफ का प्रदर्शन कांग्रेस हाई लाइट नहीं कर पाई। यह गलती इस समय नहीं होना चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस की कोई भी पहल इस समय जनता बहुत उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है। कांग्रेस में गुटबाजी और केवल 'मैं ही मैं हूं' बड़ी समस्या है। खुद राहुल कह चुके हैं। और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे भी। मगर उसे दूर करने के लिए कुछ नहीं कर रहे। और इसका नुकसान इन दोनों को ही होगा। कोई कांग्रेस के गुटबाज, छोटे-छोटे स्वार्थों में लगे लोगों से जवाब नहीं मांगेगा। जवाब इन दोनों शीर्ष नेताओं को ही देना होगा। मगर यह दोनों कुछ क्यों नहीं करते हैं। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। मोदी अपने सबसे विपरीत समय में भी नरेटिव (कहानी) बनाने के लिए कुछ करेंगे। लेकिन कांग्रेस जागेगी इसमें लोगों को संदेह है। लोग अभी भी वही पुरानी बात कहते हैं कि कांग्रेस सोचती है कि लोग जब मोदी से परेशान हो जाएंगे खुद उसके पास आएंगे। लोग आ रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं। मगर कांग्रेस जो सबसे बड़ा विपक्षी दल है उसे भी पार्टी के रूप में अधिक सक्रिय होकर सामने आना होगा। राहुल बहुत मेहनत करते हैं। खरगे जी इस उम्र में जितना काम कर रहे हैं इतनी उम्र का किसी भी पार्टी का कोई नेता नहीं कर रहा है। 83 साल के होने वाले हैं।

बीजेपी का सारा प्रचारतंत्र इस समय भरभरा कर गिर गया है। मोदी जी कुछ भी बोलते रहते थे। नोटबंदी से आतंकवाद खतम हो गया। कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद हो गया। घर में घुस कर मारेंगे। लाल आंखें। सब की असलियत लोगों के सामने आ गई। और उस पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के साथ पाकिस्तान को भी एक पलड़े में रखकर मोदी की यह मेरा दोस्त वह मेरा दोस्त माई डियर ट्रंप सब दावों की हवा और निकाल दी। ट्रंप ने बहुत गलत बोला। दोनों को समान दोस्त बता दिया। और कश्मीर मामले को 1500 साल पुराना बता दिया। आतंकवाद पर हम पीड़ित हैं। पाकिस्तान कश्मीर में करीब चार दशक से आतंकवाद चला रहा है। वह उत्पीड़क है। उसके साथ हमें रख देना एकदम गलत है।लेकिन प्रधानमंत्री कोई विरोध नहीं कर पाए। इससे पहले भी जब भारतीयों को हथकड़ी बेड़ी डालकर वापस भेजा गया तब भी। मनमाना टैरिफ लगाया गया तब भी।

---

## नवागत जिलाधिकारी ने किया कार्य भार ग्रहण, अधिकारीयों संग की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर । जनपद के** नवागत जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आज पूर्वान्ह कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पहुँचकर डबल लॉक में जरूरी अभिलेखों पर हस्ताक्षर कर जिलाधिकारी गाजीपुर के पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य,अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) दिनेश कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपध्याय उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जनपद गाजीपुर के नवागत जिलाधिकारी अविनाश कुमार 2013 बैंच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह झाँसी, बाराबंकी हरदोई जनपद के जिलाधिकारी, सहित विभिन्न जनपदों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

नवागत जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित परिचयात्मक बैठक में समस्त अधिकारियों का एक-एक कर परिचय जाना तथा उनसे मुखातिब होते हुए कहा कि शासन की नीतियों एवं विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी/लाभार्थीपरक योजनाओं का जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करना तथा आम जनता की समस्याओं को सुनना और उसका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों का जिम्मेदारीपूर्ण रवैया एवं सहयोग अपेक्षित है। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) दिनेश



कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर मनोज पाठक, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र सरोज, परियोजना निदेशक राजेश यादव सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। इसी क्रम में नवागत जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद के प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मीडिया बन्धुओं के साथ परिचयात्मक प्रेस-वार्ता करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्बं मीडिया की जनपद के विकास के साथ-साथ योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक सहित विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी मीडिया बन्धुओं से विकास में सहयोग की अपेक्षा के साथ-साथ किसी स्तर पर खामियां पाये जाने पर उससे भी अवगत कराने में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त किया। सूचना अधिकारी राकेश कुमार सहित सभी मीडिया बन्धुओं ने जनपद में नवागत जिलाधिकारी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए उन्हें पुष्प बुके भेंट किया। इस अवसर पर जनपद के समस्त सम्मानित मीडिया बन्धु उपस्थित रहे।

---

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई0वी0एम0 व वीवीपैट स्ट्रांग रूम का किया मासिक निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जिला निर्वाचन** अधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई0वी0एम0 व वीवीपैट स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ई0वी0एम0 के रखरखाव, रजिस्टर तथा गेट पर सील लॉकर का निरीक्षण करते हुये ड्यूटी पर तैनात गार्डो आदि व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सीसी टीवी कैमरा में विगत दिवसो की रिकॉर्डिंग की चेकिंग, फायर सेफ्टी उपकरण की वैलेडिटी तिथि आदि बिंदुओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों के उपस्थिति पंजिका को चेक करते हुए निर्देशित किया कि ड्यूटीरत सुरक्षाकर्मी पूरी जिम्मेदारी व मुस्तैदी के साथ देखरेख करें। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय का भी निरीक्षण किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, जिला कृषि रक्षा अधिकारी रत्नेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार , सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित रहें।

# धार्मिक धरा चित्रकूट में विकास की गंगा बहाएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

- बुनियादी ढांचे को मिलेगी रफ्तार
- एक्सप्रेसवे के विस्तारीकरण का शंखनाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के विकास की नई कहानी लिखने को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ जल्द ही चित्रकूट आ रहे हैं। सीएम यहां बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के विस्तारीकरण व गंगा एक्सप्रेसवे लिंक प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे। यह सूचना बांदा-चित्रकूट के पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने दी, जिन्होंने हाल ही में लखनऊ के मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी से मुलाकात की। जिसमे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल भी उनके साथ मौजूद रहे। मुलाकात में पूर्व सांसद ने चित्रकूट के पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य व आधारभूत विकास पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे।


सीएम को मेमेंटो भेंट करते पूर्व सांसद व डीसीबी चेयरमैन

पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री को रामवन मार्ग व कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यीकरण, रामघाट मंदाकिनी तट के पुनरुद्धार, कर्वी बाईपास के निर्माण, बाल्मीकि आश्रम एवं तुलसी जन्मभूमि राजापुर के पर्यटन विकास, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, उच्च शिक्षा संस्थानों के निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण जैसे मुद्दों पर ध्यान दिलाया। इसके साथ ही किसानों, छात्रों, मजदूरों और व्यापारियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने पर भी चर्चा की गई। पूर्व सांसद ने सीएम से बांदा जिले में लौह पुरुष सरदार पटेल, वीरांगना अवंतीबाई और कालिंजर दुर्ग में वीरांगना दुर्गावती की प्रतिमाओं के लोकार्पण का भी अनुरोध किया। सीएम ने आश्वस्त किया कि चित्रकूट के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और शीघ्र ही वे स्वयं चित्रकूट आकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। स्पष्ट किया कि पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल और आधारभूत समस्याओं का समाधान कर चित्रकूट को आत्मनिर्भरता के नए पथ पर अग्रसर करना उनकी सरकार का लक्ष्य है।

# बेरोजगारों का नया ट्रेंड- फोटो खिंचवाने के लिए देते हैं ज्ञापन

- समाजसेवा के नाम पर करते हैं ज्ञापनसेवा
- अधिकारी के नाम पर झाड़ते हैं रौब

**चित्रकूट।** जिले में बेरोजगारी की आग अब एक नई सामाजिक समस्या को जन्म दे रही है। आम जनता और प्रशासन दोनों के लिए जीना दुश्वार कर रहे हैं वे बेरोजगार लोग, जो खुद को अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, संयोजक जैसे भारी-भरकम पदों से सुशोभित कर रहे हैं। काम के न काज के, सिर्फ फर्जी संगठन बनाकर ज्ञापन देने का खेल चल रहा है।

ये तथाकथित संगठनबाज बेरोजगार हर दूसरे दिन अधिकारियों के पास पहुँच जाते हैं। ज्ञापन देने के बहाने अधिकारियों से बेवजह बातचीत करने की कोशिश करते हैं और फिर बड़े गर्व से फोटोज खिंचवाकर सोशल मीडिया पर डालते हैं, ताकि आम जनता पर रौब गालिब कर सकें। इनका असली मकसद समस्या समाधान नहीं, बल्कि फोटोबाजी और दिखावा है। इन तथाकथित बेरोजगारों को ज्ञापन के बारे में एक लाइन भी नहीं पता होता लेकिन फोटो खिंचवाना जरूरी है। स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि छोटे से छोटे कार्यक्रम या प्रशासनिक बैठक में भी ये तथाकथित नेता पहुँच जाते हैं और अपना प्रभाव जमाने की कोशिश करते हैं। जनता भी अब समझने लगी है कि ऐसे फर्जी नेताओं से कोई फायदा नहीं, बल्कि ये लोग प्रशासनिक कार्यों में बाधा बन रहे हैं। जनहित में यह बेहद जरूरी हो गया है कि ऐसे अपराधी प्रवृत्ति के फर्जी संगठनबाज बेरोजगारों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ताकि चित्रकूट की विकास यात्रा में बाधा डालने वाले इन नकली नेताओं पर लगाम लगाई जा सके।

## न्यूज झरोखा

### लूट का माल व अवैध हथियार समेत आरोपी गिरफ्तार




**चित्रकूट।** एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी और सीओ राज कमल के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 01 सोने का लॉकेट, 06 सोने के जवा मोती, 01 अवैध तमंचा 315 बोर और 02 जिन्दा कारतूस बरामद किए। यह कार्रवाई 26 अप्रैल को हुई लूट की घटना के बाद की गई। वादी दशरथी देवी ने पुलिस को सूचना दी थी कि सुबह वह घर के बाहर टहल रही थीं, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें धक्का मारा और गले से सोने का मंगलसूत्र लूटकर भाग गया। घटना की सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान हो गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल रैकवार को सिचाई कॉलोनी कर्वी के पास गिरफ्तार किया। पूछताछ में राहुल रैकवार ने स्वीकार किया कि उसने 26 अप्रैल को लक्ष्मणपुरी बस स्टैण्ड स्वराज कॉलोनी की एक महिला से लूट की थी। आरोपी के कब्जे से बरामद सोने के सामान और अवैध हथियार के आधार पर मामला दर्ज किया गया और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में कोतवाली कर्वी के दारोगा गौरव तिवारी, सिपाही नीतू द्विवेदी, राहुल देव और सुरेन्द्र कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए जनपद मे चलाया गया सघन बैंक चेकिंग अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**बाँदा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के आदेश के क्रम मे जनपद में चलाया गया सघन बैंक चेकिंग अभियान, बैंक परिसर, बैंकों/एटीएम के आसपास की गई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग । एटीएम/बैंक शाखाओं की चेकिंग कर सुरक्षा उपकरणों आदि को किया गया चेक पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिये जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया । चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया । बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो । इस दौरान एटीएम/बैंकों/वित्तीय संस्थानों आदि के आसपास संदिग्ध रुप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई ।

# आरोपियों को ही बना दिया गया जांच समिति का हिस्सा

- निष्पक्षता का नया पैमाना?
- निष्पक्ष जांच का दावा खोखला
- आवाज दबाने की एक और कोशिश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में हुए दिल दहला देने वाले लाठीचार्ज मामले में अब नया विवाद सामने आया है। छात्रों का आरोप है कि जांच कमेटी में वही लोग शामिल हैं, जिन पर खुद लाठीचार्ज करने का आरोप है। अब छात्रों का सवाल है, कैसे हो सकती है निष्पक्ष जांच जब आरोपित ही जांच कमेटी में शामिल हों?

हाल ही में छात्रों ने गुरुदेव कुलाधिपति से मुलाकात की थी, जहां उन्हें आश्वासन दिया गया था कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक नई कमेटी बनाई जाएगी। लेकिन जांच के नाम पर वही पुरानी कमेटी बना दी गई, जिनके सदस्य खुद इस लाठीचार्ज मामले में आरोपी हैं। यह छात्रों के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ, क्योंकि उनका कहना है कि जब वही लोग जांच करेंगे जिनपर आरोप हैं, तो क्या न्याय मिलेगा? दिव्यांग छात्रों ने कहा कि यह तो वही बात हो गई, जैसे दोषी को खुद ही सजा देने का अधिकार दे दिया जाए। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन छात्रों के साथ हो रहे अन्याय को देखकर चुप रहेगा, या फिर सच्चाई को सामने लाने के लिए ठोस कदम उठाएगा?

इस घटना ने प्रशासन की निष्कलंक छवि को सवालों के घेरे में डाल दिया है। छात्र लगातार अधिकारियों के दफ्तरों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनके जख्म अभी भी ताजे हैं, लेकिन न्याय की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही। इसलिए, यह सिर्फ एक लाठीचार्ज की घटना नहीं है, बल्कि यह पूरे विश्वविद्यालय और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर एक गहरा सवाल है। यह मामला अब सिर्फ दिव्यांग छात्रों का नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा और प्रशासनिक सिस्टम के लिए एक चुनौती बन चुका है।

# छात्राओं ने कुलपति पर अधिकारों का उल्लंघन व चारित्रिक दोष के लगाए आरोप

- जलियांवालां कांड के बाद नया अध्याय
- कुलाधिपति को ज्ञात है
- उच्चस्तरीय जांच की मांग

**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां छात्राओं ने विश्वविद्यालय के कुलपति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं का आरोप है कि कुलपति एवं गीता देवी कन्या छात्रावास की सहायक वार्डेन अर्चना यादव के बीच गलत संबंध हैं, जो न केवल उनके अधिकारों का उल्लंघन करते हैं बल्कि उनके मानसिक संतुलन को भी प्रभावित कर रहे हैं। छात्राओं का आरोप है कि कुलपति बिना सूचना के कभी भी छात्रावास में प्रवेश कर जाते हैं और उनके साथ अनचाही बातें करते हैं, साथ ही रात में उन्हें फोन कॉल करके परेशान करते हैं।

दिव्यांग छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि इस व्यवहार के कारण


एडीएम व एएसपी को ज्ञापन देते छात्र

उनके बीच असुरक्षा का माहौल बन गया है, जो पहले ही शारीरिक और मानसिक संघर्षों का सामना कर रही हैं। वे कहती हैं कि इन घटनाओं ने उनकी गोपनीयता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इसके अतिरिक्त, छात्राओं ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले में चुप्प है और कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्वविद्यालय के जीवन पर्यंत कुलाधिपति महोदय को इस मामले से अवगत कराए जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। छात्राओं ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की है ताकि उनके अधिकारों की रक्षा हो सके। इस मामले में कुलपति से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

न्याय को दर-दर भटकते दिव्यांग

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के छात्राएं न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। सोमवार को छात्रों ने अपनी समस्याओं को बताते हुए और हाल ही में हुए लाठीचार्ज जैसे कांड से दुखित होकर एडीएम व एएसपी को डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन से न्याय की मांग की और इस कांड में लिप्त कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की अपील की।

# अनुप्रिया पटेल के जन्मदिन पर अपना दल (एस) का नया जिला कार्यालय हुआ उद्घाटित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जन्मदिन के मौके पर सोमवार को कर्वी में उत्साह व उल्लास के बीच अपना दल (सोनेलाल) के जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी (मऊ-मानिकपुर) ने अपने करकमलों से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हेमराज सिंह पटेल ने की।

इस मौके पर वक्ताओं ने अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में पार्टी के किए गए विकास कार्यों की सराहना की व संकल्प लिया कि आने वाले समय में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत कर अपना दल (एस) को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में पूरा माहौल जय अपना दल व अनुप्रिया पटेल जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।


अपना दल के नया जिला कार्यालय में एकत्रित जनसमूह

उद्घाटन समारोह में प्रदेश सचिव नाथूराम, पंचायत मंच प्रदेश सचिव केशव पटेल, महिला मंच प्रदेश सचिव रेखा पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामसिया पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता जब्बर सिंह, छात्र संघ जिलाध्यक्ष राजाभइया सिंह चंदेल, जिला उपाध्यक्ष राजभवन, शिक्षक मंच अध्यक्ष प्रभुदयाल सिंह, जिला महासचिव विनोद, महिला मंच जिला अध्यक्ष मिथिला आदिवासी और महिला जिला उपाध्यक्ष पूजा मौर्य ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर आयोजन को गौरवान्वित किया। वहीं कर्वी विधानसभा अध्यक्ष दिलीप सिंह, दानी शरण, विष्णु सिंह, पुष्पराज सिंह, राजेश फौजी, नरेंद्र सिंह और संत गोपाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ मौजूद रहे।

# उत्तर पुस्तिका सन्निरीक्षा को आवेदन की तिथि 19 मई तक

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक चित्रकूट ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के दिनांक 28 अप्रैल के आदेशानुसार, वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा से संबंधित उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार किए जाने की अंतिम तिथि 19 मई निर्धारित की गई है। सन्निरीक्षा शुल्क 500 रूपए प्रति प्रश्नपत्र (लिखित और प्रयोगात्मक खंड के लिए पृथक-पृथक) निर्धारित किया गया है। सन्निरीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक निर्देश परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित विषयों के लिए निर्धारित शुल्क राजकीय कोषागार में चालान के माध्यम से जमा करेंगे।

# दिव्यांग छात्रों पर लाठीचार्ज में समाजवादी पार्टी ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** चित्रकूट के जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में हुई बर्बर घटना को लेकर समाजवादी पार्टी ने सोमवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम चित्रकूट को सौंपा। ज्ञापन में विश्वविद्यालय प्रशासन के पोषित गुंडों द्वारा दिव्यांग छात्रों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करने की कड़ी निंदा की गई और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की गई। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव की अगुवाई में यह ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने दिव्यांग छात्रों की शांतिपूर्ण मांगों को अनसुना करते हुए लाठीचार्ज किया, जिससे कई छात्र घायल हो गए। यह घटना न केवल विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही को उजागर करती है,


डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपते सपाई

बल्कि लोकतंत्र की मयार्दा को भी चुनौती देती है। समाजवादी पार्टी ने राज्यपाल से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी और भी बड़े आंदोलन की दिशा में कदम बढ़ाएगी। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता सूरज सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष राजा यादव, और अन्य पार्टी नेता मौजूद थे।

## इण्टर मीडिएट परीक्षा मे छात्र ने किया कालेज टाप



**बाँदा।** वरिष्ठ पत्रकार साथी प्रत्युष त्रिवेदी के पौत्र इंदिरा नगर निवासी कृष्ण दत्त पुत्र सुनील कुमार ने एच एल इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट परीक्षा में 86% अंकों से किया टांप इंटरमीडिएट अंग्रेजी माध्यम से 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कॉलेज में पहला स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के शिक्षकों एवं स्टाफ द्वारा उनकी इस सफलता पर बधाई शुभकामनाए देते हुए उसके कड़े परिश्रम और विद्यालय की शिक्षण ब्यवस्था की जानकारी दी। कृष्ण दत्त के परिजनों, शुभचिंतकों व अन्य लोगों द्वारा लगातार बधाई शुभकामनाए देने वालो का तांता लगा रहा है।

# अतर्रा कस्बे से स्ट्रीट पोलो मे लगी हुयी लाईटें गायब

**बाँदा।** कस्बा अतर्रा मे चेयरमैन पति जानकारी देते हुए बताया कि बिजली.विभाग द्वारा लाईन खीचने आये कर्मचारियों ने बिजली पोलो मे नगरपालिका द्वारा. लगवाई गई लाईटे गायब कर दी गई है कस्बे के मुहल्ला राजनगर सुलकथोक सुदामापुरी मे लगी हुई स्ट्रीट लाईटों को खोलकर ले गये। मुहल्ले वासी व आने जाने वालो को अँधेरा का सामना करना पड रहा है। कभी भी राहगीरों व महिलाओं को अप्रिय घटना से दो चार होना पड सकता है। इस सँबध मे चेयरमैन पति वेद निराला ने बताया कि लगभग नब्बे लाईटें गायब हुयी है तथा बताया कि उपजिलाधिकारी को जानकारी इस बावत दे दी गई है वह एफआईआर दर्ज कराये।वही नगरपालिका प्रभारी / उपजिलाधिकारी अतर्रा से फोन पर जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि शिकायत मिली है पता करवा रहे है।

# खंडेहा विकास समिति ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



कैंडल मार्च निकालते खंडेहा विकास समिति

**चित्रकूट।** खंडेहा विकास समिति ने रविवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय सैनिकों व नागरिकों की याद में एक श्रद्धांजलि कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च रामलीला मैदान से शुरू होकर गोदाम चौराहे तक निकाला गया। इस मौके पर समिति के सभी सदस्य और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च के माध्यम से शहीदों के बलिदान को याद किया गया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया गया।

### मांगे न मानीं तो फिर होगी हुंकारः फिलहाल हड़ताल स्थगित

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल फिलहाल स्थगित कर दी गई है, लेकिन संघर्ष का जज्बा अब भी बरकरार है। कर्मचारी 2 मार्च से नियमित समय से वेतन, भविष्य निधि (पीफ) और अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। सूचना संयुक्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गुरु प्रसाद शुक्ला ने पत्र जारी कर बताया कि लगातार आंदोलन के दबाव के बीच 25 अप्रैल को कर्मचारियों और विश्वविद्यालय की कुलपति के बीच वार्ता संपन्न हुई। बातचीत के बाद कर्मचारियों ने फिलहाल हड़ताल स्थगित करने का फैसला किया। हालांकि कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी प्रमुख मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो वे फिर से आंदोलन का बिगुल बजाएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि यह सिर्फ संघर्ष विराम है, अंतिम जीत तभी मानी जाएगी जब उनकी जायज मांगों पर ठोस कार्यवाही होगी।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत व्यापक सफाई अभियान

**चित्रकूट।** शासन के निदेशों के तहत एवं डीएम शिवशरणप्पा जीएन के मार्गदर्शन में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चल रहे दस्तक अभियान में जिले में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रतमेले व मलेरिया निरीक्षक जयशंकर गुप्ता ने ग्राम पंचायत अशोह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी और ग्राम पंचायत नांदी का निरीक्षण किया और साफ सफाई की स्थिति का जायजा लिया।

इस मौके पर विकासखंड पहाड़ी के कई प्रमुख ग्रामों में सफाई अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत वीर धुमाई, सुर्खी, प्रसिद्धिपुर, रामपुरिया, अवब्बल, मिर्जा सीकरी, सानी और



सफाई अभियान में रत कर्मचारी

धार्मिक स्थल बरम बाबा बाबूपुर में नालियों, स्कूलों और प्रमुख स्थलों की सफाई की गई। साथ ही, झाड़ी की कटाई का कार्य तेर खुर्द में भी कराया गया। आशा कार्यकत्रियों ने छात्रों के माध्यम से दस्तक अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में रैलियां निकाली गईं और पोस्टर चिपकाकर लोगों को जागरूक किया गया। यह अभियान न केवल साफ सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि गांवों में संचारी रोगों के नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पुतिन ने क्यों की उत्तर कोरियाई सैनिकों के बहादुरी की तारीफ

**उत्तर कोरियाई**

**उत्तर** कोरियाई सैनिक, रूस की तरफ से यूक्रेन युद्ध में हिस्सा ले रहे हैं. इसकी पुष्टि प्योंगयांग और मॉस्को दोनों ने कर दी है. पश्चिमी देशों ने पिछले साल ही आरोप लगाया था कि उत्तर कोरिया ने 10,000 सैनिक रूस भेजे हैं.

28 अप्रैल (सोमवार) को पहली बार उत्तर कोरिया ने बताया कि कुर्स्क प्रांत पर फिर से अधिकार करने में उसके सैनिकों ने रूस की मदद की.

इसके बाद उत्तर कोरिया के नाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का धन्यवाद ज्ञापन आया.

पुतिन ने उत्तर कोरियाई सैनिकों की बहादुरी और समर्पण की तारीफ की. रूसी सरकार द्वारा जारी बयान में पुतिन ने कहा कि प्योंगयांग के सैनिकों ने "रूसी योद्धाओं के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर अपनी मातृभूमि की तरह हमारी मातृभूमि की रक्षा की."

रूस-यूक्रेन युद्धः क्या चाहते हैं पुतिन?

रूस का दावा, कुर्स्क पूरी तरह उसके अधिकार में

इससे पहले 26 अप्रैल को रूस ने दावा किया था कि कुर्स्क प्रांत अब पूरी तरह उसके नियंत्रण में है. हालांकि, यूक्रेन ने इस दावे को खारिज किया है. यूक्रेनी सेना के मुताबिक, कुर्स्क के कुछ इलाकों में उसकी गतिविधियां जारी है. अगस्त 2024 में बड़े स्तर पर की गई औचक कार्रवाई में यूक्रेन ने कुर्स्क के कुछ सीमावर्ती इलाकों पर अधिकार कर लिया था. यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका था, जब कीव ने रूसी भूभाग के खासे बड़े हिस्से पर नियंत्रण कायम किया था.

इसके बाद से ही रूस इस हिस्से पर फिर से अधिकार करने की कोशिश कर रहा था. इसी क्रम में रूस में सैनिकों की भर्ती तेज किए जाने की भी खबर आई. फिर अमेरिका, यूक्रेन और दक्षिण कोरिया के खुफिया अधिकारियों ने आरोप लगाया कि अक्टूबर 2024 में रूस की मदद के लिए उत्तर कोरिया ने अपने सैनिकों को कुर्स्क भेजा. सैनिकों की संख्या 10 से 12 हजार बताई गई. इसपर प्रतिक्रिया स्वरूप नवंबर 2024 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एटीएमएस मिसाइल के



इस्तेमाल पर लगी शर्तें ढीली कीं. उन्होंने यूक्रेन को रूसी भूभाग के भीतर इस मिसाइल के इस्तेमाल की इजाजत दे दी. युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौजूदगी को इसका मुख्य कारण बताया गया. उत्तर कोरिया ने ना तो इन आरोपों से इनकार किया, ना ही मंजूर किया. अब मॉस्को और प्योंगयांग, दोनों के बयानों से इस आरोप की पुष्टि हो गई है.

रूस और उत्तर कोरिया में हुआ रक्षा समझौता

जून 2024 में रूस और उत्तर कोरिया के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था. इस "साझा सुरक्षा समझौता" के लिए राष्ट्रपति पुतिन प्योंगयांग गए. वहां दोनों देशों के बीच यह करार किया कि अगर किसी पर हमला हुआ, तो दूसरा उसकी सैन्य सहायता के लिए आएगा और हर मुमकिन तरीके से साथ देगा.

प्योंगयांग में किम जोंग उन ने किया पुतिन का भव्य स्वागत

इस समझौते पर पुतिन और किम जोंग उन के दस्तखत हैं. नवंबर में दोनों देशों ने इस समझौते पर कानूनी मुहर लगा दी. विशेषज्ञों ने इसे शीत युद्ध खत्म होने के बाद दोनों देशों के बीच हुआ सबसे बड़ा रक्षा समझौता बताया.

उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'केसीएनए' ने देश के 'सेंट्रल मिलिटरी कमीशन' के हवाले से बताया है कि इसी समझौते के कारण किम जोंग उन ने सैनिकों को कुर्स्क भेजने का फैसला किया. बयान के मुताबिक, किम ने सैनिकों की तारीफ करते हुए कहा, "जो लोग न्याय के लिए लड़े, वो सभी नायक हैं और मातृभूमि के सम्मान के प्रतिनिधि हैं."

सैनिकों को तैनात करने का मकसद बताते हुए किम ने दावा किया, "इसका लक्ष्य यूक्रेन के कब्जा करने वाले नव-नाजियों का विनाश और खात्मा करना, और रूसी सशस्त्र बलों के साथ मिलकर कुर्स्क इलाके को आजाद कराना था."

बख्तरबंद ट्रेन से चार साल बाद रूस पहुंचे किम

किम ने यह भी कहा है कि उत्तर कोरिया की सैन्य विजयों के उपलक्ष्य में जल्द ही एक स्मारक बनाया जाएगा और मारे गए सैनिकों की कब्र पर फूल चढ़ाए जाएंगे. प्रशासन को यह निर्देश भी दिया गया है कि युद्ध में हिस्सा लेने वाले सैनिकों के परिवारों को सुविधाएं दी जाएं और उनका खयाल रखा जाए.

कितने सैनिकों पर मौत हुई, यह आंकड़ा नहीं दिया

कितने सैनिक भेजे गए और कितने मारे गए, यह जानकारी उत्तर कोरिया ने नहीं दी है. दक्षिण कोरिया ने जरूर एक आंकड़ा दिया है. मार्च 2025 में दक्षिण कोरियाई सेना ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए और घायल हुए उत्तर कोरियाई सैनिकों की संख्या करीब 4,000 बताई थी. सियोल ने यह भी बताया कि ना केवल 2024 में, बल्कि इस साल भी उत्तर कोरिया ने अपने सैनिक रूस भेजे हैं.

यूक्रेन को टॉरस मिसाइल देकर क्या रूस से युद्ध मोल लेगा जर्मनी

समाचार एजेंसी एपी ने विश्लेषकों से की गई बातचीत के हवाले से बताया है कि उत्तर कोरिया के सैनिक काफी अनुशासित और प्रशिक्षित होते हैं. लेकिन ना तो उन्हें सक्रिय युद्ध का अनुभव है,

ना ही वो उन जगहों को जानते हैं जहां रूस-यूक्रेन की लड़ाई चल रही है. ऐसे में वो ड्रोन और टैंकों के लिए आसान शिकार बन रहे हैं.

हालांकि, उन्हें जंग में शामिल हुए अब कई महीने हो चुके हैं. यूक्रेनी सेना का मानना है कि इतने वक्त में उन्हें लड़ाई का अनुभव हो चुका है

और वो कुर्स्क में संख्याबल के हिसाब से यूक्रेन पर हावी होने की रूसी रणनीति का अहम हिस्सा साबित हो रहे हैं।

## चारों ओर अंधेरा ही अंधेरा, यूरोप में ब्लैकआउट फ्रांस, स्पेन समेत कई देशों में बिजली गुल

**स्पेन**

**स्पेन** के कैनरी और बेलिएरिक द्वीप अप्रभावित रहे, और बाजार सामान्य रूप से चल रहा है। स्पेन के सार्वजनिक प्रसारक आरटीवीई ने कहा कि स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12.30 बजे देश के कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई, जिससे उसका न्यूजरूम, मैड्रिड में स्पेन की संसद और देश भर के मेट्रो स्टेशन अंधेरे में डूब गए।

स्पेन और पुर्तगाल के कई शहरों में बिजली गुल होने की खबर मिली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, ब्लैकआउट की वजह से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में व्यवधान पैदा हो गया। प्रभावित शहरों में मैड्रिड, बार्सिलोना, लिस्बन, सेविले और पोर्टो जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्र शामिल हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि सेवाओं और ट्रेन स्टेशनों और हवाई अड्डों पर भी आउटेज के कारण गंभीर असर पड़ा है। स्पेनिश रेडियो स्टेशनों ने कहा कि मैड्रिड भूमिगत के एक हिस्से को खाली कराया जा रहा है। कैडर सेर रेडियो स्टेशन ने बताया कि मैड्रिड शहर के केंद्र में ट्रैफिक जाम था।

## सिंधु नहर प्रोजेक्ट : एक बार फिर पीपीपी ने दी शरीफ सरकार से बाहर निकलने की धमकी

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने कहा कि अगर कॉमन इंटरेस्ट्स काउंसिल (सीसीआई) की आगामी बैठक में सिंधु नहर संबंधी मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो वह संघीय सरकार से बाहर निकल जाएगी और अपना समर्थन वापस ले लेगी।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सिंधु नदी पर छह नहरों के निर्माण के मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिए 2 मई को सीसीआई की बैठक बुलाई गई थी।

बता दें सिंधु नदी पर नहरों के निर्माण का भारी विरोध हो रहा है विशेष तौर पर सिंध प्रांत ने जहां प्रदर्शनों का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

पीपीपी नेता और सिंध के ऊर्जा मंत्री नासिर शाह ने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "अगर सीसीआई की बैठक में नहरों का मुद्दा नहीं सुलझा तो पीपीपी सरकार से अलग हो जाएगी।"

एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, नासिर शाह के नेतृत्व में पीपीपी प्रतिनिधिमंडल ने सरकार में अपने गठबंधन सहयोगी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के साथ बैठक की।

उन्होंने एमक्यूएम नेताओं से अनुरोध किया कि वे रिक्त सीट के लिए आगामी सीनेट उपचुनाव से अपना उम्मीदवार वापस ले लें।

एमक्यूएम-पी के साथ बैठक के बाद शाह ने कहा कि नहर मुद्दे ने पूरे प्रांत



के लोगों को एकजुट कर दिया है, क्योंकि यह सिंध के लिए काफी अहम है।

शाह ने कहा, "हम जानते हैं कि अगर पीपीपी सरकार से बाहर निकलती है, तो वह चल नहीं सकती है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि सरकार नहर मुद्दे पर अपना वादा पूरा करेगी।"

पाकिस्तानी सरकार ने 'ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव' के तहत 3.3 अरब डॉलर की लागत से छह नहरों का निर्माण करने की योजना बनाई है, जिससे दक्षिण पंजाब में 12 लाख एकड़ कथित बंजर भूमि को सिंचित किया जाएगा। हालांकि, सिंध प्रांत ने इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। सिंध सरकार और प्रांत को को आशंका है कि इन नहरों के निर्माण से सिंधु नदी से उसके हिस्से का पानी कम हो जाएगा।

## इटली : सिसिली में गोलीबारी, 3 की मौत, 2 घायल

**रोम। इटली** के सिसिली की राजधानी पलेर्मो में हुई गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना व्यस्त डुओमो डी मोनरेले स्क्वायर के पास एक पिज्जेरिया में युवाओं के दो ग्रुप के बीच विवाद के कारण हुई। इसके बाद टकराव गोलीबारी में बदल गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 26 वर्षीय एंड्रिया मिसेली की रविवार को पलेर्मो के सिविको अस्पताल में मौत हो गई, जहां उसकी हालत गंभीर थी। दो अन्य, 23 वर्षीय साल्वाटोर टुर्डो और 26 वर्षीय मास्सिमो पिरोजो को गोलीबारी के तुरंत बाद मृत घोषित कर दिया गया।

33 और 16 वर्षीय दो अन्य युवकों को गोली लगने से घाव हो गए। अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में दोनों की हालत गंभीर



नहीं है।

शुरूआती जांच के अनुसार, हिंसा दो युवा समूहों के बीच विवाद के बाद भड़की जिसमें से एक स्थानीय था और दूसरा पलेर्मो का। मौखिक विवाद के रूप में शुरू हुआ मामला जल्द ही हाथापाई और फिर गोलीबारी में बदल गया।

गवाहों ने जांचकताओं को बताया कि स्थानीय बार और रेस्तरां के पास भीड़भाड़ वाले चौक पर कम से कम पंद्रह गोलियां चलाई गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अफरा-तफरी का माहौल था। एएनएसए की रिपोर्ट के अनुसार, पास में मौजूद एक युवती ने बताया, "कुछ ही सेकंड में वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग कारों के पीछे छिपने के लिए भाग रहे थे, कुछ चिल्ला रहे थे, अन्य घायलों की मदद करने की कोशिश कर रहे थे।"

एक अन्य गवाह ने बताया कि "टेबल और बोतलें हवा में उड़ रही थीं, हर जगह चीख-पुकार मची हुई थी, पूरी तरह से अफरा-तफरी मची हुई थी।"

## ईरान बंदरगाह विस्फोट में अब तक 28 की मौत, 800 घायल



**तेहरान। ईरान** के दक्षिणी होर्मोज्गान प्रांत में एक बंदरगाह पर हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

आधिकारिक इरना समाचार एजेंसी ने कहा कि विस्फोट और उसके बाद लगी आग में घायल हुए लोगों की संख्या 800 तक पहुंच गई है, जबकि छह लोग अभी भी लापता हैं।

अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को होर्मोजगन के गवर्नर मोहम्मद अशौरी तजियानी के हवाले से कहा, घटनास्थल पर लगे क्लोज-सर्किट कैमरों से प्राप्त फुटेज में स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे बंदरगाह के एक क्षेत्र में कई कंटेनरों के पास सीमित मात्रा में आग लगी दिखाई दी, जो फिर फैल गई और लगभग 90 सेकंड बाद बड़े विस्फोट का कारण बनी।

उन्होंने घातक विस्फोट के बाद प्रांत में तीन दिनों के सार्वजनिक शोक की भी घोषणा की।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संगठन के प्रवक्ता होसैन जफरी ने शनिवार को अर्ध-सरकारी फार्स समाचार एजेंसी को बताया कि बंदरगाह पर एक कंटेनर में रासायनिक पदार्थों के कारण विस्फोट हो सकता है।

हालांकि, ईरानी सरकार की प्रवक्ता फतेमेह मोहजेरानी ने उसी दिन संबंधित अधिकारियों द्वारा अपनी जांच पूरी करने से पहले घटना के कारण के बारे में किसी भी "जल्दबाजी में अटकलें" लगाने के खिलाफ चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि अब तक जो पुष्टि हुई है, वह बंदरगाह के एक कोने में कंटेनरों की मौजूदगी है, जिसमें संभवतः रासायनिक पदार्थ हो सकते हैं।

बंदरगाह पर सैन्य शिपमेंट की मौजूदगी के बारे में विदेशी मीडिया की अफवाहों को खारिज करते हुए, ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाई-निक ने कहा कि जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर, विस्फोट वाले क्षेत्र में ईंधन या सैन्य उपयोग से संबंधित कोई आयातित या निर्यातित शिपमेंट नहीं था।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शनिवार को स्थिति के आकलन के लिए गृहमंत्री एस्कंदर मोमेनी को मौके पर भेजा।

## ईरान बंदरगाह विस्फोट पर अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार ने जताया दुख, कहा - तेहरान के साथ खड़ा है काबुल

**काबुल। अफगानिस्तान** की अंतरिम सरकार ने पड़ोसी देश ईरान के बंदरगाह पर हुए विस्फोट पर दुख व्यक्त किया। इस विस्फोट में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। देश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता हाफिज जिया अहमद ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, "अफगानिस्तान



इस्लामिक अमीरात बंदर अब्बास में हुए दुखद विस्फोट पर गहरा दुख और खेद व्यक्त करता है, जिसके परिणामस्वरूप नागरिकों की जान चली गई और सैकड़ों घायल हो गए। इस घटना के लिए हम पड़ोसी देश की सरकार और लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करते हैं।"

## रूस-यूक्रेन जंग पर लगेगा 3 दिन का ब्रेक

**रूस**

**क्रेमलिन ने** कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 9 मई को विजय दिवस के लिए ह्लमानवीय आधारह्व पर शत्रुतापूर्ण कार्रवाई को पूरी तरह से रोकने का आदेश दिया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन में शांति समझौता कराने के लिए प्रयास तेज कर रहे हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय क्रेमलिन ने यूक्रेन में 8 से 10 मई तक पूर्ण युद्धविराम की घोषणा की। रूस ने द्वितीय विश्वयुद्ध में नाजी जर्मनी पर जीत के अवसर पर आयोजित विजय दिवस के उपलक्ष्य में यह घोषणा की है। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि रूसी पक्ष विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के दौरान 7-8 मई की मध्यरात्रि से 10-11 मई की मध्यरात्रि तक युद्ध विराम की घोषणा कर रहा है। इस अवधि के दौरान सभी युद्ध अभियान स्थगित रहेंगे। रूस का मानना ??है कि यूक्रेनी पक्ष को भी इस उदाहरण का अनुसरण करना चाहिए। यूक्रेनी पक्ष द्वारा युद्धविराम का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में, रूसी सशस्त्र बल पर्याप्त और प्रभावी जवाब देंगे।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा

**ऑफिस मो.:**
9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## 2.3 करोड़ सिम बदलने की तैयारी में दक्षिण कोरियाई कंपनी

**दक्षिण कोरिया**

**दक्षिण कोरिया** की सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी हैकिंग का शिकार हुई है. उसके ग्राहकों की निजी जानकारियां लीक हुई हैं. अब वह करोड़ों सिम कार्ड बदलने की शुरूआत कर रही है.

एसके टेलिकॉम, दक्षिण कोरिया में मोबाइल सर्विस देने वाली सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी है. सोमवार (28 अप्रैल) को कंपनी ने एलान किया कि वह 2.3 करोड़ यूजर्स के यूसिम (यूनिवर्सल सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल) बदलेगी. कंपनी ने इसी महीने की शुरूआत में बताया कि हैकिंग के कारण उसके ग्राहकों की निजी जानकारियों से समझौता हुआ है. एसके टेलिकॉम के मुताबिक, हैकिंग कोडों के जरिए की गई.

इस घटना के बाद दक्षिण कोरिया की सरकार ने पूरे देश के डेटा प्रोटेक्शन सिस्टम की समीक्षा का आदेश दिया है. एसके टेलिकॉम ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है. 28 अप्रैल को एक प्रेस विज्ञप्ति में कंपनी ने कहा, "सोमवार सुबह 10 बजे से, हम मुफ्त में उन लोगों की यूसिम चिप्स बदलेंगे जो ये चाहते हैं. ऐसा देश भर में 2,600 स्टोर्स के जरिए किया जाएगा."

हालांकि, कंपनी ने यह भी स्वीकार किया कि उसके पास रिप्लेसमेंट के लिए फिलहाल पांच फीसदी नए सिम ही उपलब्ध हैं. मई अंत तक 50 लाख नए सिम हासिल करने का दावा किया गया है. हैकरों का अभी तक पता नहीं चला है. वैसे दक्षिण कोरिया अक्सर उत्तर कोरिया पर साइबर हमले करने का आरोप लगाता है.

सिम असल में है क्या

सिम का मतलब है, सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल. कार्डनुमा इस छोटी सी चिप में यूजर की पहचान के लिए जरूरी



सारी जानकारी दर्ज रहती है. सिम से ही हर यूजर को एक खास फोन नंबर मिलता है, जिसके जरिए कॉल, मैसेज और डेटा का एक्सचेंज होता है. सिम डालने पर किसी भी अनलॉक्ड फोन को इस्तेमाल किया जा सकता है.

फोन की जगह पेजर क्यों इस्तेमाल करता है हिज्बुल्लाह

असल में हर सिम कार्ड का 17 अंकों वाला एक खास कोड होता है. इस कोड में देश, सर्विस प्रोवाइडर और यूनीक यूजर आईडी की जानकारी होती है. इसके साथ ही कार्ड में पर्सनल आइडेंटिटी नंबर और पर्सनल अनब्लॉकिंग की नाम के दो पासवर्ड भी होते हैं.

सिम कार्ड में आमतौर पर 256 किलोबाइट स्टोरेज होता है. इतने स्टोरेज में 250 कॉन्टैक्ट्स सेव किए जा सकते हैं. यही वजह है कि स्मार्टफोन से पहले के दौर वाले मोबाइल फोनों में सिम स्टोरेज और फोन स्टोरेज का विकल्प मिलता था. स्मार्टफोनों में अब नंबर, फोन मेमोरी में ही स्टोर होते हैं.

कैसे हैक होते हैं सिम कार्ड

सिम कार्ड को हैक करने के लिए हैकर कुछ खास तरीके अपनाते हैं. इनमें से सबसे आम है, सिमजैकिंग. इसके तहत रटर या किसी लिंक के जरिए कोड भेजा जाता है. कोड पर क्लिक करते ही फोन पिन मांगता है. पिन कंफर्म होते ही सिम कार्ड में मौजूद पर्सनल आइडेंटिफिएबल इंफॉर्मेशन लीक हो जाती है.

PII में यूजर का पूरा नाम, पता, जियोलोकेशन, आईपी पता, फोन नंबर, जन्मतिथि जैसी इंफॉर्मेशन होती है. सिम कार्ड हैक करने वाले यूजर की फोन कॉल्स और उसके टेक्स्ट मैसेजों की आराम से निगरानी कर सकते हैं. सिम हैकिंग से ईमेल, फोन बैंकिंग और सोशल मीडिया अकाउंट्स की एक्सेस भी मिल सकती है.

सिम हैकिंग के दूसरे तरीके हैं; सिम स्वैपिंग या सिम क्लोनिंग. सिम स्वैपिंग में संदिग्ध लोग, ललचाने वाले विज्ञापनों के जरिए सिम अपग्रेड करने या बदलने का ऑफर देते हैं. नया सिम पहले से हैक रहता है. क्लोनिंग में सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर सिम कार्ड की नकली कॉपी तैयार की जाती है. लेकिन क्लोनिंग के लिए कॉपी किए जाने वाले असली सिम कार्ड की जरूरत पड़ती है.

सिम कार्ड हैक होने के संकेत

साइबर सिक्योरिटी जोखिमों के खिलाफ सर्विस देने वाली कंपनी 'अपगार्ड' के मुताबिक, अपने ही फोन अकाउंट की एक्सेस न मिलना, सिम हैकिंग का स्पष्ट संकेत है।